दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 201
कोटद्वार बुधवार
23 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

मिड डे मील बनाते समय फटा कुकर, स्कूल में मची अफरा-तफरी

रुद्रपुर। विकासखंड झगड़पुरी के प्राइमरी स्कूल में मिड डे मील का खाना बनाते समय कुकर फटने से अचानक आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग को काबू कर स्कूल में पढ़ रहे सभी बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झगडपुरी के प्राइमरी स्कूल में मिड डे मील का खाना बना रही भोजन माता ने जानकारी देते हुए बताया कि खाना बनाते समय किचन का कुकर अचानक फटने से वहां रखे सिलेंडर के पाइप ने आग पकड़ ली। बताया कि देखते देखते अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्कूल की शिक्षिका जानकी पांडे ने 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी और अग्निशमन को भी घटना की जानकारी दी। तब तक गदरपुर थाने से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने साहस का परिचय दिखाते हुए एक गीले कपड़े से सिलेंडर में लगी हुई आग को बुझा दिया। और सावधानी बरतते हुए उक्त सिलेंडर को ले जाकर खेत में दें क दिया। आग की घटना से दहशत में आए सभी बच्चों को को शिक्षिका ने स्कूल से बाहर एक सुरक्षित स्थान पर बैठा दिया। जानकारी मिलने पर पूर्व शिक्षा मंत्री व क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे व थाना अध्यक्ष राजेश पांडे भी मौके पर पहुंचे। और जानकारी हासिल की विधायक अरविंद पांडे ने आग बुझाने वाले कन्स्टेबल को शाबाशी देते हुए उनकी हौसला अफजाई की। आग बुझने के कुछ समय बाद अग्निशमन की वाहन पहुंची।

ट्रेन सेवाओं पर पड़ने लगी मौसम की मार

ऋषिकेश। मैदानी क्षेत्र में शीतलहर और घने कोहरे का असर रेल सेवाओं के संचालन को प्रभावित करने लगा है। रेलवे ने मौसम की बेरुखी के चलते यूपी के प्रयागराज और ऋषिकेश के बीच संचालित एक्सप्रेस को एक दिसंबर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक रद करने का निर्णय लिया है। यानी कि मुसाफिरों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरे साधनों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ट्रेन संख्या 14229 प्रयागराज संगम-योगनगरी ा षिकेश एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को निर्धारित समय सुबह 720 बजे प्रयागराज से ा षिकेश योगनगरी रेलवे स्टेशन पहुंचती है। फिर यही एक्सप्रेस 14230 बनकर प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ा षिकेश से निर्धारित समय दोपहर 320 बजे प्रयागराज के लिए रवाना होती है।

जम्मू-कश्मीर : बॉर्डर पर बीएसएफ ने मार गिराया पाकिस्तानी घुसपैठिया, दूसरे को पकड़ा

जम्मू ,एजेंसी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के चौकस जवानों ने मंगलवार सुबह जम्मू जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया और सांबा में एक अन्य घुसपैठिये को पकड़ लिया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता के मुताबिक सेना के चौकस जवानों ने अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी आतंकवादी को आज सुबह मार गिराया। जो भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रहा था। घुसपैठिये को बीएसएफ के जवानों ने सीमा पार नहीं करने की चेतावनी दी और उसे वहीं रुकने को कहा गया, लेकिन सेना की चेतावनी के बावजूद उसने कोई ध्यान नहीं दिया।

रोजगार मेले में भी पीएम मोदी ने रेखांकित किया डबल इंजन सरकार का फायदा

71 हजार युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी। डबल इंजन यानी केंद्र और राज्य में एक जैसी सरकार भाजपा के चुनावी नारा का प्रभावी हिस्सा है। चुनावों में इसका असर भी दिखता रहा है। ऐसे में मंगलवार को दूसरे रोजगार मेला के तहत देशभर के 71000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी याद दिला दिया है ऐसे कार्यक्रम राजग शासित सभी राज्यों में हो रहे हैं। यह डबल इंजन का फायदा है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप से लेकर स्वरोजगार तक, स्पेस से लेकर ड्रोन तक, आज भारत में युवाओं के लिए चौतरफा नए अवसरों का निर्माण हो रहा है। रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्रीय विकास में उत्प्रेरक बनाने का हमारा प्रयास है।

हिमाचल प्रदेश और गुजरात को छोड़कर देश के अन्य 45 स्थानों पर आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 71000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप इतने परिवारों के लिए खुशी का नया युग आएगा। रोजगार के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि कई केंद्र शासित प्रदेश समय-समय पर ऐसे रोजगार मेले आयोजित करते रहेंगे। प्रसन्नता जताई कि हजारों युवाओं को संबंधित सरकारों द्वारा महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दमन व दीव, दादरा तथा नगर हवेली और चंडीगढ़ में नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। गोवा व त्रिपुरा में भी कुछ दिनों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इसे उपलब्धि बताते हुए पीएम मोदी ने डबल इंजन की सरकार को श्रेय दिया और आश्वस्त किया कि भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए समय-समय पर इस तरह के रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। केंद्र सरकार उनकी प्रतिभा व ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

नए लोक सेवकों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को एक बहुत ही खास अवधि यानी अमृत काल में संभाल रहे हैं। केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के रूप में अपनी भूमिका व कर्तव्यों को व्यापक रूप से समझना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के लिए तैयार किए गए विशेष आनलाइन पाठ्यक्रम श्कर्मयोगी प्रारंभश को लांच करते हुए कहा कि यह कौशल विकास का एक बड़ा स्त्रोत होगा।

पीएम मोदी ने कोरोना महामारी और युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर युवाओं के लिए पैदा हुए संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कठिन समय में भी दुनियाभर के विशेषज्ञ भारत के विकास पथ के बारे में आशान्वित हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत सेवा क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बन गया है और जल्द ही दुनिया का विनिर्माण केंद्र भी होगा। पीएलआइ योजना से 60 लाख रोजगार सृजित होने की संभावना जताते हुए कहा कि मेक इन इंडिया, वोकल फार लोकल और स्थानीय को वैश्विक स्तर पर ले जाने जैसे अभियान रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। इससे युवाओं की पलायन की मजबूरी भी कम हुई है।

चुनाव प्रचार को महाराज गुजरात रवाना

देहरादून : भारतीय जनता पार्टी हाईकमान के निर्देश पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल महाराज द्वितीय चरण के प्रचार हेतु गुजरात रवाना हो गये हैं। भारतीय जनता पार्टी हाईकमान के निर्देश पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल महाराज गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के प्रचार हेतु मंगलवार को अपने क्षेत्र भ्रमण से लौटने के पश्चात गुजरात रवाना हो गये। उक्त जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के मीडिया सलाहकार निशीथ सकलानी ने बताया कि गुजरात विधानसभा चुनाव में विजय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष के मार्गदर्शन में केंद्रीय नेताओं तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रवास की योजना बनाई गई है। इसी के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज पार्टी हाईकमान के निर्देश पर 22 से 24 नवंबर तक लुणावाडा (छोटी काशी) विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करने के साथ-साथ भाजपा के पक्ष में प्रचार अभियान मे भाग लेंगे।

पौड़ी के पाबौ में गुलदार ने पांच साल के बच्चे को बनाया निवाला

पौड़ी। पौड़ी के विकासखंड पाबौ के निसणी गांव में गुलदार ने एक पांच वर्षीय बच्चे को मार दिया। घटना आज मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पहुंच गई है। 108 की मदद से शव को पोस्ट्मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, पौड़ी के विकासखंड पाबौ के निसणी गांव निवासी रविंद्र सिंह का पांच वर्षीय पुत्र पीयूष घर से कुछ दूरी पर खेलकर घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान घात लगाए गुलदार ने उस पर झपटा मार दिया।

बताया गया कि आस-पास मौजूद लोगों के हो हल्ला करने पर गुलदार उसे झाडियों में छोड़ कर भाग निकला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजन व ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग व पाबौ चौकी पुलिस को दी। जिस पर पौड़ी से गढ़वाल वन प्रभाग की टीम के अलावा पाबौ से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची।

शव को 108 की मदद से जिघ्ला चिकित्सालय लाया जा रहा है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में पाबौ पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक पंवार ने बताया कि शव को पौड़ी जिला चिकित्सालय लाया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी ललित सिंह मौके पर हैं। ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

बीत छह नवंबर रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे पौड़ी जनपद के पोखड़ा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मजगांव में गुलदार के हमले में एक महिला घायल हो गई थी। महिला ने गुलदार पर दरांती से हमला कर खुद की जान बचाई। महिला को नौगांवखाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लाकर भर्ती किया गया है।

असम-मेघालय बॉर्डर पर हिंसा, फायरिंग में अब तक 6 लोगों की मौत

गुवाहाटी, एजेंसी। असम-मेघालय सीमा पर लकड़ी की तस्करी को रोके जाने के दौरान मंगलवार तड़के हिंसा भड़क गई। हिंसा में वन रक्षक समेत 6 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि असम-मेघालय सीमा पर पुलिस ने अवैध लकड़ी के ट्रक को रोका था, जिसके बाद हिंसा भड़क गई। एहतियात के तौरे पर 7 जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। मेघालय के मुख्यमंत्री कनराड सांग ने मंगलवार को ऐलान किया है कि इस हिंसा में मारे गए प्रत्येक व्यक्तियों के आश्रितों को 5 लाख रुपये, एक अनुग्रह राशि (मुआवजे) के तौर पर दी जाएगी।

पश्चिम कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक इमदाद अली ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि असम वन विभाग ने मेघालय सीमा पर ट्रक को रोका था। ट्रक चालक ने भागने की कोशिश की। उसे रोकने के लिए वन रक्षकों ने फायरिंग कर दी। अधिकारी ने आगे बताया कि फायरिंग में ट्रक का टायर पंक्चर हो गया। वन रक्षकों ने ट्रक चालक समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। हालांकि, अन्य भागने में कामयाब रहे।

अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में नजदीकी पुलिस थाना में जानकारी दी गई और अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की। सुबह पांच बजे पुलिस के पहुंचते ही कुछ स्थानीय लोग हाथों में हथियार लिए वहां पहुंच गए। भीड़ ने तस्करों को छोड़े जाने की मांग को लेकर वन रक्षकों और पुलिस को घेर लिया। बचाव में भीड़ पर गोली चलानी पड़ी।गोलीबारी में वन रक्षक की मौत हो गई। उसके अलावा मेघालय के पांच लोगों की भी मौत हुई है। हिंसा में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वन रक्षक की मौत की वजह का पता नहीं चल सका है। इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

उधर, एहतियात के तौर पर मेघालय के सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। सीएम कोनराड संगमा ने बताया कि मामले में मेघालय पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

हरीश रावत ने उदलहेड़ी में भरी हुंकार, निकाली भारत जोड़ो हरिद्वार जिंदाबाद यात्रा

रूड़की। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरिद्वार में की जाने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो हरिद्वार जिंदाबाद यात्रा की शुरुआत मंगलवार को मंगलौर क्षेत्र के उदलहेड़ी से की। इस दौरान सबसे पहले उन्होंने चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जनसभा की।यात्रा उदलहेड़ी से प्रारंभ होकर लहबोली, मन्नाखेड़ी, दहियाकी से होकर नसीरपुर में समाप्त हुई। इस दौरान हरीश रावत के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक अनुपमा रावत, वीरेंद्र जाति, ममता राकेश, रवि बहादुर, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, वीरेंद्र रावत, सुधीर शांडिल्य, सुशील राठी, आदित्य राणा, हंसराज सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

भारत-कंबोडिया में रक्षा सहयोग प्रगाढ़ करने की अपार संभावना: रक्षा मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समय कंबोडिया दौरे पर हैं। उन्होंने अपने कंबोडियाई समकक्ष जनरल समदेच पिचे सेना टीईए बान्ह से मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए अपार संभावना है। दोनों नेताओं की यह मुलाकात कंबोडिया के सिएम रिप शहर में हुई। यह शहर आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी कर रहा है। यहां बुधवार को होने वाली आसियान डिदें स मिनिस्टर्स प्लस (एडीएमएम प्लस) की नौवीं बैठक में राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे।

रक्षा मंत्री ने सोमवार को ट्वीट में बताया,कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री जनरल समदेच पिचे सेना टीईए बान्ह के साथ आज सिएम रिप में रचनात्मक बैठक हुई। इस दौरान भारत-कंबोडिया रक्षा संबंधों की व्यापक समीक्षा की गई। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग प्रगाढ़ करने के लिए अपार संभावना है।

भारत-आसियान संबंधों के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत और कंबोडिया भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। यह माना जा रहा है कि इस बैठक में राजनाथ आसियान देशों के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कंबोडियो में दूसरे देशों के रक्षा मंत्रियों से मुलाकात की तस्वीरें मंगलवार को ट्विटर पर साझा कीं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स और अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन से मुलाकात की जानकारी दी।

राजनाथ ने अपने आस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। राजनाथ ने ट्वीट में कहा, श्अमेरिकी समकक्ष लायड आस्टिन से मिलकर खुशी हुई।श राजनाथ ने न्यूजीलैंड के रक्षा मंत्री से भी मुलाकात की।

10 से 5 वाले कल्चर से बाहर आना होगा : सीएम

काम करने की प्रणाली में बदलाव की जरूरत

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय अकादमी मसूरी में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीन दिवसीय सशक्त उत्तराखंड चिंतन शिविर के प्रथम सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चिंतन शिविर के आयोजन को लेकर हम बहुत दिनों से सोच रहे थे। इन तीन दिनों तक हमें चिंतन के साथ चिंता भी करनी है कि प्रदेश का विकास कैसे हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ने आप सभी को बहुत विशिष्ट बनाया है। आईएएस हमारे देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक सेवा है और आप देश-प्रदेश की नीतियों को तय करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जो काम करने की प्रणाली है। इसमें बदलाव की जरूरत है। हमें बेस्ट प्रैक्टिस करने की आदत डालनी होगी और 10 से 5 वाले कल्चर से बाहर आना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सरलीकरण, समाधान और संतुष्टिकरण के मंत्र पर कार्य करना होगा। हमारा फोकस समाधान पर होना चाहिए। एसीआर भरे जाने के समय यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि जो टास्क दिया गया था वो हुआ या नहीं। हम इस कार्य को इसी वर्ष से प्रारम्भ करेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सशक्त उत्तराखंड चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें चीजों को नोट करने की आदत डालनी चाहिए। एक दिन में हमारे अंदर हजारों विचार आते हैं। ऐसे में हर चीज याद नहीं रखी जा सकती। उन्होंने कहा कि मैंने महसूस किया है कि विभाग अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे पर डालने की कोशिश करते हैं, इस प्रवृत्ति को हमें त्यागना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरलीकरण का मंत्र दिया है। हमें यहां सोचना होगा कि कितने विभागों ने कार्य का सरलीकरण किया। प्रक्रियाओं सरलीकरण कर के समाधान का रास्ता निकलना है। उन्होंने कहा कि आज पूरी सरकार यहां है। इन तीन दिनों में यहां मन से चिंतन करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह आम धारणा है कि जो योजना हम बनाते हैं वो योजनाएं देहरादून बेस्ड बन रही हैं। हमें पर्वतीय जिलों को विकास के खाके में शामिल करना ही होगा।

वर्तमान में भारत सरकार-नीति आयोग आदि सब हमें सहयोग करने को तैयार हैं। हिमाचल और हमारी जलवायु बहुत मिलती जुलती है। लेकिन हमें यह मंथन करना होगा कि कैसे वे बागवानी के क्षेत्र में हमसे बेहतर कर रहे हैं। हमारी स्थिति हिमाचल से बेहतर है। हम बागवानी को कैसे बढ़ायें। इस पर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा चिंतन व्यवहारिक होना चाहिए। प्रदेश के हित में होना चाहिए। वर्ष 2025 तक केवल श्रेष्ठ राज्य की बात कहकर कुछ नहीं होने वाला बल्कि इसे हमको करकर दिखाना है। हमें 2025 तक एक सशक्त उत्तराखंड बनाना है। हमें विकास की योजनाएं अपने भूगोल के अनुसार बनानी होंगी।

आफताब के वकील ने कहा- आरोपी ने कोर्ट ने कभी नहीं स्वीकारा की उसने श्रद्धा का कत्ल किया

नई दिल्ली, एजेंसी। श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के वकील ने मंगलवार को कहा कि आरोपी ने कोर्ट में कभी नहीं स्वीकार किया कि उसने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या की है।

पूनावाला के वकील अबिनाश कुमार ने कहा, मैंने आज पूनावाला से पांच-सात मिनट बात की। मैंने जब उससे सुबह बात की तो वह शांत और विश्वास से भरा लगा। उसने कोई आक्रामकता नहीं दिखाई।

वकील ने कहा कि उन्होंने आफताब से जब पूछा कि क्या वह इस मामले में कोर्ट की कानूनी प्रक्रियाओं का पालन कर सकेगा और क्या वह बचाव पक्ष के वकील से संतुष्ट है तो उसने सकारात्मक जवाब दिया।

उन्होंने बताया, उसने कोर्ट में कभी स्वीकार नहीं किया कि उसने श्रद्धा की हत्या की है।

आफताब के वकील के इस बयान और पुलिस के उन दावों में विरोधाभास दिख रहा है कि आफताब ने श्रद्धा की हत्या करने और उसके शव के टुकड़ों को दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर दें कने का जुर्म कबूल कर लिया है।उन्होंने कहा कि पूनावाला का परिवार बाहर आने से डर रहा है और इस मामले के कुछ शांत होने का इंतजार कर रहे हैं।

भारतीय सेना गुलाम कश्मीर को वापस लेने को तैयार, बस आदेश का है इंतजार

पुंछ (जम्मू और कश्मीर), एजेंसी। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुलाम कश्मीर (को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि भारतीय सेना गुलाम कश्मीर को वापस लेने जैसे आदेशों को पूरा करने के लिए तैयार है। ज्ञात हो कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ कई बार कह चुके हैं कि गुलाम कश्मीर भारत का हिस्सा है, हम इसे लेकर रहेंगे। इस बारे में भारत की संसद में प्रस्ताव पारित हो चुका है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर वापस लेने का बयान पर उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि जहां तक भारतीय सेना का संबंध है, वह भारत सरकार द्वारा दिए गए किसी भी आदेश को पूरा करेगी। जब भी इस तरह के आदेश दिए जाएंगे, हम इसके लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

युद्ध विराम को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच समझौते पर उत्तरी सेना के कमांडर उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सेना हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार है कि दोनों देशों के बीच युद्धविराम की समझ कभी न टूटे क्योंकि यह दोनों देशों के हित में है। लेकिन अगर कभी भी टूटा तो हम उन्हें करारा जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि देश में 25 वर्ष से कम आयु के 50 प्रतिशत से अधिक लोग हैं। यदि हम उन्हें अग्निवीरों के रूप में लेते हैं, उन्हें पढ़ाते हैं और उन्हें वापस भेजते हैं तो उनमें से कुछ को वापस भेज सकेंगे, उनमें से कुछ को अर्धसैनिक बलों और पुलिस बलों में भेजा जाएगा और बाकी खुद का रोजगार कर कर सकेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि सीमा पार लन्चपैड पर लगभग 160 आतंकी बैठे हैं जिनमें पीर पंजाल के 130 उत्तर और पीर पंजाल के दक्षिण में 30 हैं। पूरे भीतरी इलाकों में कुल 82 पाकिस्तानी आतंकवादी और 53 स्थानीय आतंकवादी बैठे हैं। इससे पहले 28 अक्टूबर को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए नई दिल्ली के संकल्प को दोहराया और कहा कि सभी शरणार्थियों को उनकी जमीन और घर वापस मिल जाएगा।

व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में बाल्यकाल की अहम भूमिका

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने लोक योजना अभियान ''सबकी योजना सबका विकास'' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, गरीबी उन्मूलन, सर्व शिक्षा समेत सतत सामाजिक विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से तय 17 लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यक्तिगत स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। जब हर व्यक्ति तक विकास पहुंचेगा तभी हमारा गांव, समाज, देश एवं विश्व हर पहलू पर विकसित हो सकेगा। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. डीएस पुंडीर ने स्वस्थ्य गांव बाल हितैषी गांव विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में उसका बाल्यकाल अहम भूमिका निभाता है, इसलिए जरूरी है कि गावों में ऐसे साधन एवं माहौल पैदा किया जाए जिससे हर व्यक्ति बचपन से ही रचनात्मकता, नवाचार समेत अन्य सकारात्मक गुणों को आत्मसात कर सके।

मंगलवार को विकास भवन सभगार में पंचायती राज विभाग की ओर से जिला पंचायत सदस्यों व जनपद स्तरीय अधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान की चुनौतियों को पार करने के लिए आधुनिक तकनीकी के दृष्टिगत कार्यशालाएं एवं प्रशिक्षण होना आवश्यक है। समस्त पंचायती राज संस्थाओं के लिए सहभागितापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) क्षेत्र पंचायत विकास योजना (बीपीडीपी) एवं जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी) निर्मित करने के लिए ऐसी कार्यशालाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. डीएस पुंडीर ने सतत् विकास के लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए गरीबी मुक्ति एवं उन्नत आजीविका गांव विषय पर चर्चा की। प्रशिक्षक हरि प्रसाद ममगांई ने स्वच्छ एवं हरा भरा गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव विषय पर अपना वक्तव्य रखा। कहा कि स्वच्छता संयुक्त राष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में शामिल है। आज के समय में कूड़े एवं खासतौर पर प्लास्टिक से निपटना सबसे बड़ी चुनौती हो गयी है, इसलिए जरूरी है कि व्यक्तिगत स्तर से लेकर वैश्विक स्तर तक प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना एक आदत के तौर पर विकसित हो सके। प्रशिक्षक डॉ. किरन जयदीप पुरोहित ने महिला हितैषी गांव विषय पर अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि देश दुनिया की आधी आबादी को ध्यान में रखते हुए अभी भी बहुत कार्य होना बाकी है। सरकारें अपने स्तर पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर तो रही हैं, लेकिन उनके परिवार से उन्हें घर से बाहर कदम रखने की अनुमति आज भी नहीं मिल रही। ऐसे में किसी भी योजना को लागू करने की चुनौतियों दोगुनी हो जाती हैं, इसलिए जरूरी है कि गांव-कस्बों में लगातार महिलाओं को जागरुक कर उनके अधिकारों की जानकारी दी जाए। ज्यादा से ज्यादा महिला समूह एवं फेडरेशन गठित कर महिलाओं की आय बढ़ाने पर कार्य किया जाय। इस अवसर पर ईई सिंचाई विभाग राजेश नौटियाल, एई प्रवीन डुंगरियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैली प्रजापति, सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे, वरिष्ठ प्रबंधक दुग्ध श्रवण कुमार शर्मा, मत्स्त्य निरीक्षक संजय बुटोला, एसडीओ फॉरेस्ट राजेंद्र सिंह रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।कैप्शन : विकास भवन सभगार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक।

शेडकुड़िया महाराज एक वर्ष तक हिमाचल में करेगें निवास

उत्तरकाशी : मोरी ब्लॉक के फते पर्वत पट्टी के आराध्य देव शेडकुड़िया महासू महाराज 24 नवम्बर को हिमाचल प्रदेश के खशधार गांव के लिए प्रस्थान करेंगा। यह पहला अवसर होगा जब 100 वर्षों के लम्बे अंतराल के बाद देवता मोरी से पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के खशधार गांव में एक वर्ष तक निवास करेगा। देवता के प्रवास के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धलुओं की आस्था का सैलाब भी देखने को मिलेगा।

शेडकुडिया महासू महराज के सयाणा रणदेव सिंह कुंवर ने बताया कि आज से करीब 100 साल पहले शेडकुड़िया महाराज हडवाडी गांव से प्रत्येक वर्ष छः माह तक हिमाचल प्रदेश के खशधार प्रवास पर रहते थे। इस दौरान देवता चांगशिल होते हुए आवागमन करते थे।

डीएम ने ली स्वास्थ्य विभाग की एन.एच.एम टास्कफोर्स की बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में देर शाम स्वास्थ्य विभाग की एन.एच.एम टास्कफोर्स की बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रसव के दौरान महिला अथवा शिशु की मृत्यु हो जाने के प्रकरणों पर संबंधित चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि गर्भवती महिलाओं के बारे में किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होनी चाहिए, प्रत्येक चिकित्सक व कर्मचारी अपने अपने दायित्व का कडाई से निर्वहन करेंगे। उन्होने लापरवाही करने वाले के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाने की बात कही। साथ ही कहा कि समस्त एमओआईसी अपने अपने क्षेत्र सक्रियता से कार्य करेंगे एवं अपने स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। कहा कि चिकित्सा अधिकारी से लेकर नीचले स्तर तक के समस्त स्टॉफ में सुधार लाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य उपचार एवं स्वास्थ्य सेवा में किसी भी तरह की शिकायत नही आनी चाहिए।

धोखाधड़ी दम्पत्ति पर मुकदमा दर्ज

विकासनगर। एडवरटाइजिंग एजेंसी के संचालक ने पति–पत्नी पर फर्जी दस्तावेज से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि रकम ठगने वाले फरार हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक एडवरटाइजिंग एजेंसी के संचालक नरेंद्र सिंह कठैत, निवासी प्रेमपुरमाफी कौलागढ़ देहरादून ने एसएसपी कार्यालय में तहरीर दी। तहरीर पर सेलाकुई थाने में केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष प्रदीप रावत के मुताबिक अंशु मलिक और उसकी पत्नी निधि मलिक, निवासी गाजियाबाद के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों ने खुद को सेलाकुई स्थित द काम्पिटेंट पैलेस होटल का संचालक बताया।

पर्यटक अब गढ़वाली व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : चमोली जिले की यात्रा पर आने वाले पर्यटक अब गढ़वाली व्यंजनों का लुत्फ उठा पायेगें। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यदि योजना परवान चढ़ी तो अगले यात्रा सीजन में पर्यटकों को होटल, होम स्टे, रेस्टोरेंट व ढाबों में पर्यटकों के लिए स्थानीय गढ़वाली व्यंजन परोसे जायेगें। जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उदेश्य से मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने संबधित विभागों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि यात्रा तथा पर्यटन के लिए प्रत्येक वर्ष लाखों की तादात में पर्यटक यहां आते हैं। हमें स्थानीय व्यंजनों तथा उत्पादों का प्रचार प्रसार करना है। जिससे स्थानीय निवासियों एवं किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने सभी होटल, होम स्टे, रेस्टोरेंट व ढाबों में पर्यटकों के लिए स्थानीय गढ़वाली व्यंजन परोसने पर जोर दिया। कहा कि इससे पर्यटकों को यहां के पौष्टिकता से भरपूर स्थानीय व्यंजनों का जायका मिलेगा। उन्होंने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि गेस्ट हाउस के साथ ही होटल संचालकों से भी बात करते हुए इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाए।

एक नजर

अतिरिक्त भूमि आवंटित करवाने की मांग उठाई

नई टिहरी : बांध विस्थापित–प्रभावित संघर्ष समिति ने अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय से मुलाकात की। इस दौरान विधायक को अवगत कराया कि टिहरी बांध परियोजना के कारण जिन लोगों को विकसित-अविकसित भूखंड आवंटित किए गये थे, उन्होंने भवन निर्माण के दौरान अतिरिक्त भूमि पर निर्माण किया है। पूर्व में कुछ परिवारों में शासन एवं पुनर्वास निदेशक के स्तर पर स्वीकृति प्राप्त कर तत्कालीन विभागीय निर्धारित मूल्य जमा करवाकर भूमि आवंटित करवा है। समिति के शिष्टमंडल ने विधायक से मांग की है कि विस्थापितों की भांति शहर के अन्य लोगों को भी अतिरिक्त भूमि का आवंटन करवा जाय। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी इस मांग को लेकर घोषणा की थी। स्थानीय लोगों ने इसे बेहद जरूरी बताते हुए अतिरिक्त भूमि आवंटन करवाये जाने पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। जिस पर विधायक ने समिति को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। इस मौके पर समिति के सचिव राजेंद्र डोभाल, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल परमार, सह सचिव चतर चौहान, एसएस नेगी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

आज से शुरू होगी बास्केट बाल प्रतियोगिता

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज (बुधवार) से स्वामी रामतीर्थ परिसर में आरंभ होगा। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कैलाश चंद्र पेटवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय ने परिसर को अंतर महाविद्यालय पुरुष एवं महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी दी है। इसमें पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन आज परीक्षा निदेशक प्रो. एए बौड़ाई के द्वारा शुभारंभ किया जायेगा।

इस प्रतियोगिता में गढ़वाल विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय और संस्थानों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

सहकारी गन्ना विकास समिति के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

ऋषिकेश। किसानों ने डोईवाला सहकारी गन्ना विकास समिति के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसान एसएमएस द्वारा गन्ना खरीद पर्ची दिए जाने के निर्णय से नाराज हैं। उन्होंने गन्ना खरीद पर्ची पूर्व की भांति ही दिए जाने की मांग की। मंगलवार को डोईवाला सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रांगण में किसानों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धरना दिया। किसानों ने कहा कि समिति ने गन्ना खरीद की पर्ची देने की प्रणाली को बदल दिया है। एसएमएस के जरिए किसानों को पर्ची उपलब्ध कराई जा रही है। इससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा अभी तक गन्ना मूल्य भी किसानों की मांग के अनुरूप निर्धारित नहीं किया गया है। उन्होंने पूर्व की तरह खरीद पर्ची उपलब्ध करवाने और गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग की। समिति सचिव शीशपाल सिंह ने धरने पर बैठक किसानों को समझाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में एसएमएस के जरिए गन्ना खरीद पर्ची देने की प्रक्रिया शुरु की गई है। एसएमएस के जरिए किसानों को पर्ची भेजी जाएगी,

बदलती परिस्थितियों के हिसाब से हमें परिवर्तन लाने होंगे : मुख्य सचिव

देहरादून।साशक्ता उत्तराखंड@25 चिंतन शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव डॉ एसएस संधू ने कहा कि आगामी तीन दिनों तक हम राज्य को लेकर महत्वपूर्ण मंथन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें मंथन केवल तीन दिन नहीं बल्कि समय–समय पर करते रहने चाहिए।

उन्होंने कहा कि दुनिया अब तेजी से बदल रही है। बदलती परिस्थितियों के हिसाब से हमें परिवर्तन लाने होंगे। पहले पंच वर्षीय योजना बनती थी लेकिन समय के साथ हमें इस मॉडल से बाहर आना पड़ा है। यही वजह है कि पंच वर्षीय कार्यक्रम की जगह नीति आयोग की जरूरत पड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें नियमित चिंतन शिविरों की बहुत आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि कई बार देखने में आता है कि अफसर फैसले लेने से डरते हैं और यस के बजाए नो कहने में अधिक दिलचस्पी लेते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच रखने वाले नौकरशाहों को स्वैच्छिक रिटायरमेंट ले लेना चाहिए।

बाल गणना की तैयारियों को लेकर सीडीओ की बैठक

हरिद्वार। जनपद में बाल गणना की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने जिला कार्यालय सभागार में जनपद स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक ली। मुख्य विकास अधिकारी ने समिति को निर्देश दिये कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में उल्लिखित दिशा–निर्देशों के तहत 03 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों का घर–घर जाकर सर्वेक्षण कार्य करना सुनिश्चित करें। मंगलवार को आयोजित बाल गणना हेतु गठित जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में शामिल सदस्य अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल गणना का कार्य आपसी समन्वय व टीम भावना के साथ मिशन मोड पर समय से पूरा करें। सीडीओ ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 लागू की गयी है। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्राविधानों के अनुसार 03 से 18 वर्ष के शतप्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन एवं उनके ठहराव को सुनिश्चित किया जना है जिस हेतु समिति के सभी सदस्य अधिकारियों शिक्षा, बाल विकास, पंचायतराज श्रम विभाग को संयुक्त रुप से ठीम भावना के साथ कार्य करने की आवश्यता है। मुख्य विकास अधिकारी ने समिति को निर्देश दिये कि शहर/निकायों के वाडी, वस्तियों व वन क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की बालगणना अनिवार्य रुप से करें ताकि उस क्षेत्र में स्थाई निवास व अस्थाई निवास करने वाले अनाथ, विधवा अथवा तलाकशुदा माता पर आश्रित, घुमन्तु प्रवासीय, कूड़ा बीनने वाले, भीख मांगने वाले, मलिन बस्ती में रहने वाले, श्रम कार्य में संलग्न, एचआईवी पीड़ित माता–पिता के बच्चें तथा ऐसे बच्चे जिन्होने कोविड महामारी के दौरान अपने माता–पिता को खो दिया है ।

प्रोफेसर ढींगड़ा को मिला लाइफटाइम फेलोशिप अवार्ड

ऋषिकेश। श्री देव सुमन विवि परिसर, ऋषिकेश के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर गुलशन कुमार ढींगड़ा को लाइफटाइम फेलोशिप अवार्ड मिला है। यह सम्मान उनके द्वारा उच्च शिक्षा और वनस्पति विज्ञान जगत के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। मंगलवार को विवि परिसर ऋषिकेश के विज्ञान संकाय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर ढींगरा को अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह रावत ने बताया कि प्लांटिका संस्था की ओर से लाइफटाइम फेलोशिप अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड उनको उत्तराखंड मुक्त विवि, हल्द्वानी में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन प्लांट साइंस रिसर्च मीट के दौरान जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रो. एमएस चौहान और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने प्रदान किया। प्रोफेसर ढींगड़ा ने बताया कि 18 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इसमें उन्होंने व्याख्यान भी दिया। प्रोफेसर ढींगड़ा को पूर्व में मुख्यमंत्री बेस्ट टीचर अवार्ड 2021 भी मिल चुका है। कार्यक्रम में विवि परिसर ऋषिकेश के डीन कला संकाय प्रोफेसर डीसी गोस्वामी, डीन वाणिज्य प्रोफेसर आरएम पटेल आदि प्राध्यापकों ने प्रो. ढींगड़ा की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया।

कश्मीर रीजन से आए 58 सदस्यीय दल का किया स्वागत

विकासनगर। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायत केदारावाला में जम्मू कश्मीर के कश्मीर रीजन के सरपंचों और अधिकारियों के 58 सदस्यीय दल एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर पंहुचा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान तबस्सुम इमरान के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने दल का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुवात राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पूर्व ग्राम प्रधान इमरान खान ने पंचायत केदारावाला में हुए विकास कार्यों पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिखाई। पूर्व प्रधान ने बताया की ग्राम पंचायत केदारावाला पूरे देश में मिशन अंतोदय सर्वे में आठवें पायदान पर है। ग्राम प्रधान तबस्सुम इमरान ने ग्राम पंचायत में वर्तमान में चल रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि ग्राम पंचायत केदारावाला से सीखकर आप भी अपनी–अपनी ग्राम पंचायत में इसी प्रकार कार्य क़र सकते हैं। मनरेगा व पंचायत मद के युगपतिकरण से पंचायत घर, आंगनबाड़ी, बारात घर, सामुदायिक भवन आदि का निर्माण कर सकते हैं। भारत सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर ग्रामवासियों को उसका लाभ दिलवा सकते है। भ्रमण पर आये दल ने पंचायत घर, आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी स्कूल, मनरेगा योजना के अंतर्गत हुए कार्यों, सोलर टावर, बारात घर, यात्री शेड, वाटर कूलर, स्वयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

धरनास्थल से अनशनकारी को जबरन उठाने का आरोप

ऋषिकेश। युवा न्याय संघर्ष समिति ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों को लेकर अनशन पर बैठी शकुंतला रावत को जबरन धरनास्थल से उठाने का आरोप लगाते हुए पुलिस और प्रशासन की कड़ी निंदा की है। वहीं, अब समिति सदस्य सरोजनी थपलियाल ने आमरण अनशन शुरु कर दिया है।

अंकिता और उसके परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर युवा न्याय संघर्ष समिति आंदोलनरत है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी होगा बीएसएनल की फाइबर सेवा का विस्तार

देहरादून। बीएसएनएल फाइबर सेवा का ग्रामीण क्षेत्रों में भी विस्तार करेगा। पहले चरण में देहरादून जिले में चार ब्लॉकों में ह्यभारत नेट प्रोजेक्ट के तहत 197 गांवों तक फाइबर सेवा पहुंच चुकी हैं, अब ग्रामीणों को यहां कनेक्शन दिए जाने हैं। इसके अलावा 12 नये टावर लगाने की भी योजना है। दूर संचार केंद्र पटेलनगर में हुई टीएससी की बैठक में राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि यह सूचना क्रांति का युग है। इसमें दूर संचार की सबसे अहम भूमिका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधान महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि बीएसएनएल गांवों में भी फाइबर सेवा का विस्तार कर रहा है। इसके लिए पहले चरण में विकासनगर, सहसपुर, डोईवाला और रायपुर ब्लॉक चयन किया गया है। यहां 197 गांवों तक फाइबर सेवा पहुंच चुकी हैं। बाकी बचे 16 गांवों में भी जल्द पहुंच जाएगी। बताया कि यहां ग्रामीण फाइबर कनेक्शन ले सकते हैं।

45 बच्चों को दिये जाएंगें उपकरण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : समग्र शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बीआरसी पौड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 45 बच्चों का चयन हुआ। इन सभी को एल्मिको संस्था के माध्यम से उपकरण उपलब्ध कराएं जाएंगे। मंगलवार को बीआरसी पौड़ी में इस शिविर का आयोजन सीईओ पौड़ी डॉ. आनंद भारद्वाज ने किया। सीईओ ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चयन किया गया है। अब जल्दी ही उन्हें आवश्यकता अनुसार उपकरण भी उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इस मौके पर बीईओ सावेद आलम, बीआरसी समन्वयक नवीन डोभाल, डा. वीके मौर्य, जिला समन्वयक रीना रावत, समाज कल्याण से अनिल सेमवाल आदि भी मौजूद रहे।

अब पुलिस की नजर में रहेगा कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग

असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को देखते हुए लिया गया निर्णय

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर लगातार बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों को लेकर पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले कई माह से वीरान पड़ी गिवईस्त्रोत पुलिस चौकी में पुलिस कर्मी की तैनाती कर मार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखी जा रही है। यही नहीं मार्ग पर प्रवेश लेने वाले वाहनों को पहले चौकी में एंट्री करवानी होगी। पिछले कई माह से पुलिस को कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने की सूचना मिल रही थी। यहीं नहीं कुछ दिन पूर्व कोटद्वार पहुंची वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे को भी जनप्रतिनिधियों ने समस्या से अवगत करवाया था। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि मार्ग पर लगातार असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ती जा रही है। नशे में युवक व युवतियां ग्रामीणों के साथ अभद्रता करते हैं। एक माह पूर्व बल्ली गांव जा रहे एक दंपत्ति के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट भी की थी। जनप्रतिनिधियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने जल्द समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सिद्धबली तिराहे के समीप गिवईस्त्रोत में बनी पुलिस चौकी में पुलिस कर्मी की तैनाती कर दी गई है। समय-समय पर पुलिस मार्ग पर गश्त भी करेगी।

मार्ग से आवाजाही करने वाले वाहनों की पुलिस चौकी में होगी एंट्री

सूना नजर आया मार्ग

पुलिस की सख्ती के बाद मार्ग मंगलवार को कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पूरी तरह सूना नजर आया। अन्य दिनों में शाम के समय मार्ग पर शराब पीने वालों का जमावड़ा लगने लगता था। मार्ग से गुजरने वाले हर व्यक्ति से पुलिस पूछताछ भी कर रही थी।

पुलिस की सख्ती के बाद सूना पड़ा कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग

राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनाए पैदल मार्ग

स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने उठाई समस्या

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार। स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने कोटद्वार शहर के नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए झंडाचौक से सिद्धबली तक सड़क के दोनों ओर पैदल मार्ग बनाने की मांग की है। कहा कि अतिक्रमण व अन्य अव्यवस्थाओं के कारण आमजन को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

इस संबध में समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि नगर निगम बनने के बाद उन्हें बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम शहर में पैदल चलने की भी व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर फैले अतिक्रमण के कारण लोगों को बीच सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। यही नहीं शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में नगर निगम पूरी तरह फेल नजर आ रहा है। कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों के किनार नाली के ऊपर चेंबर लगाकर पैदल चलने की व्यवस्था बनाई जा सकती है। इस दौरान समिति ने शहर में पार्किंग व्यवस्था की बनाने की मांग उठाई।

कहा कि शहर में कहीं भी पार्किंग नहीं होने के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। अधिकांश लोग अपने वाहनों को सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देते हैं। ऐसे में आए दिन समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

विश्व विद्यालय के खिलाफ एनएसयूआई ने दिया धरना

उत्तर पुस्तिका जांच के लिए शुल्क वसूलने का किया विरोध

समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार। उत्तर पुस्तिका जांच के एवज में विद्यार्थियों से शुल्क वसूलने का एनएसयूआई ने विरोध किया है। कार्यकर्ताओं ने श्रीदेव समुन विश्व विद्यालय के खिलाफ धरना देते हुए निर्णय को वापस लेने की मांग उठाई। कहा कि जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं होगा एनएसयूआई आंदोलन जारी रखेगा। इस दौरान महाविद्यालय का खेल कलेंडर भी जारी करने की मांग उठाई गई।

मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर धरना दिया। छात्र नेता हिमांशु बहुखंडी ने कहा कि कुछ माह पूर्व महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम जारी किया गया था। जिसमें बीए, बीएससी व बीकॉम के साठ प्रतिशत छात्रों को फेल कर दिया गया है। श्री देव सुमन विवि की ओर से की गई लापरवाही का परिणाम छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। विवि की ओर से अभी तक परीक्षाफल में कोई सुधार नहीं किया गया है। साथ ही उत्तर पुस्तिका की पुनः जांच के लिए तीन सौ रूपये शुल्क भी लिया जा रहा है। जिसका एनएसयूआइ विरोध करती है। मौके पर कार्यकर्ताओं ने परीक्षाफल सही नहीं होने तक धरना देने की चेतावनी दी है। इस मौके पर धरना स्थल पर पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष पंकज खत्री, विजय रावत, नीरज बहुगुणा, आकाश सिंह, रोहित नेगी, बाबी बिष्ट, राहुल गुसाई, मनीष चौहान, मनीष कुमार, स्मृति, निकिता और शिवानी नेगी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटद्वार महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर धरना देते एनएसयूआई कार्यकर्ता

प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को नियमित रोजगार देने की मांग

पौड़ी : प्रशिक्षित प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन जवानों ने शासन प्रशासन से नियमित रोजगार मुहैया कराने की पुरजोर मांग की है। चेतावनी दी कि जल्द ही अप्रशिक्षित लोगों को सेवाओं से नहीं हटाया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। बद्रीनाथ धर्मशाला में आयोजित बैठक में पीआरडी जवानों ने कहा कि पीआरडी जवानों के नाम पर अधिकारियों द्वारा सिफारिसी अप्रशिक्षित लोगों को विभिन्न विभागों में नियुक्तियां दी गई हैं। कई विभागों में वर्षों से अप्रशिक्षित लोग पीआरडी जवानों के नाम पर सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान पीआरडी प्रशिक्षित जवानों ने एकजुट होने पर जोर देते हुए कहा कि जल्द ही अप्रशिक्षित लोगो को नहीं हटाया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। कहा कि प्रशिक्षित जवानों को प्रशिक्षण के बाद से नाम मात्र की ही ड्यूटी दी गई है तो कई को एक भी दिन रोजगार नहीं दिया गया। इस दौरान नाराज प्रशिक्षित पीआरडी जवानों ने उन्हें 365 दिन का रोजगार मुहैया कराने की शासन प्रशासन से मांग की।

असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने की मांग

पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने एएसपी को दिया ज्ञापन

अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कोटद्वार- पुलिंडा मार्ग पर लगातार बढ़ रही असामाजिक तत्वों की गतिविधि को रोकने की मांग की है। कहा कि पूर्व में शिकायत के बाद भी पुलिस मामले को लेकर लापरवाह बनी हुई है।

समस्या के संबंध में परिषद ने अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में रामड़ी–पुलिंडा मोटर मार्ग असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। ये असामाजिक तत्व जंगल में गंदगी फैलाने के साथ ही वहां से आने जाने वालों के साथ अभद्र व्यवहार भी करते हैं। इस संबध में ग्रामीण कई बार स्थानीय प्रशासन व पुलिस के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ज्ञापन में अपर पुलिस अधीक्षक से इस संबध में अविलंब कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जीके बड़थ्वाल, अनूप बिष्ट, सुभाष कुकरेती, उमेद सिंह चौधरी और गोपाल सिंह नेगी आदि थे।

ग्रामीण महिलाओं को बताए उनके अधिकार

कोतवाली पुलिस ने रामणी–पुलिंडा क्षेत्र में चलाया अभियान

पुलिंडा गांव में महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः घाड क्षेत्र के अंतर्गत रामणी-पुलिंडा क्षेत्र में पहुंचकर पुलिस ने ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कहा कि देश के संविधान में महिलाओं के लिए विशेष अधिकार बनाए गए हैं।

मंगलवार को महिला पुलिस कर्मी पुलिंडा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने घर-घर जाकर महिलाओं की समस्याओं को सुना। कहा कि यदि महिलाओं को किसी भी तरह की समस्या होती है तो वह पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। पुलिस महिलाओं के हितों को लेकर गंभीरता से कार्य करेगी। कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समय पर निराकरण हो सके इसके लिए कोटद्वार कोतवाली में महिला शिकायत डेस्क भी बनाई गई है। इस दौरान पुलिस ने जंगल में घास लेने गई महिलाओं को भी जागरूक किया।

आंकड़े जनलोकोपयोगी नीति निर्माण में होगें सहायक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उप निदेशक अर्थ एवं संख्या टीएस अन्ना ने कहा कि मॉड्यूलर सर्वेक्षण के आंकड़ो से सतत् विकास लक्ष्यों (2015-30) तक के लक्ष्यों, अवस्थिति व उपलब्धियों का आंकलन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आंकड़े राज्य व भारत सरकार स्तर पर जनलोकोपयोगी नीति निर्माण किये जाने में सहायक सिद्ध होंगे।

उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या गढ़वाल मंडल कार्यालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण 79वीं आवृत्ति के सर्वेक्षण हेतु कार्यशाला बीते सोमवार को विकास भवन सभागार पौड़ी में आयोजित की गई। उप निदेशक अर्थ एवं संख्या टीएस अन्ना ने कहा कि 79वीं आवृत्ति में इस वर्ष के सर्वेक्षण का विषय आयुष चिकित्सा पद्धती रहा। जिसमें आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक, चिकित्सा, होमियोपैथी एवं यूनानी सहित अन्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि उपयोग के स्तर के बारे में आंकड़ों का संकलन तथा व्यापक वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों के कई संकेतकों के आंकड़े संकलन टैबलेट के माध्यम से किया जाना है। कार्यशाला में सर्वेक्षकों द्वारा प्रथम इकाई के सर्वेक्षण के पश्चात आंकड़े के संग्रहण में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण व शंका-समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में अर्थ एवं संख्या निदेशालय देहरादून से उप निदेश-ाक डॉ0 इला पंत, मंडलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी शिल्पा भाटिया सहित गढ़वाल मंडल के सभी जनपदों से अपर सांख्यिकीय अधिकारियों व क्षेत्र सर्वेक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उक्रांद की महानगर कार्यकारिणी का हुआ गठन

कोटद्वार में आयोजित उक्रांद की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः उक्रांद कार्यकर्ताओं की पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत ने महानगर कार्यकारिणी के प्रथम चरण की घोषणा की। कार्यकारिणी में रमेश कोठारी उपाध्यक्ष, सर्वेंद्र काला महामंत्री, यतेंद्र भट्ट प्रवक्ता, सुरेश पटवाल और जगमोहन राणा संगठन मंत्री, वेदप्रकाश उप्रेती प्रचार मंत्री, मनोज डबराल व जगमोहन सिंह रावत सोशल मीडिया प्रभारी, विनोद रावत एवं मनोज बलूनी संयुक्त मंत्री, प्रवेश चंद्र नवानी बौद्धिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष, आनंद स्वरूप ध्यानी सलाहकार समिति अध्यक्ष व विजय पाल सिंह को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं। यूकेडी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि पार्टी जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष जारी रखेगी। केंद्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यूकेडी को संगठनात्मक से मजबूत बनाने की आवश्यकता है। पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी। इस अवसर पर पार्टी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रों को पक्षियों के बारे में जानकारी होना जरूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : एक्शन एंड रिसर्च फॉर कन्जरवेशन इन हिमालयाज संस्था द्वारा पक्षियों के रंग बच्चों के संग कार्यक्रम के तहत जीआईसी पौड़ी में बर्ड वाचिंग प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में पहुंचे विभिन्न स्कूलों के छात्र*छात्राओं को प्रदेश में पाए जाने वाली विभिन्न पक्षियो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्था के फाउंडर ट्रस्टी प्रतीक पंवार ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पक्षियो के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। इसलिए शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसके तहत तीन दिनो तक स्कूली बच्चों को इन पक्षियो के बारे में तकनीकी जानकारियां दी जाएंगी।

मंगलवार को जीआईसी पौड़ी में आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन करते हुए विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में सीखने की ललक पैदा होती है। संस्था के फाउंडर ट्रस्टी प्रतीक पंवार ने बताया कि छात्र-छात्राओं को प्रदेश में पाए जाने वाले पक्षियों के रहन-सहन के साथ ही विभिन्न तकनीकी जानकारी दी। कहा कि उनकी संस्था साल 2008 से पक्षियो के संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि हर साल इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हुए छात्र-छात्राओ को पक्षियो के संरक्षण को लेकर जागरूक किया जाए। प्रदर्शनी में जीआईसी, जीजीआईसी, सविम तिमली, एमआईसी, बीआर मॉर्डन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य शिक्षाधिकारी डा. आनंद भारद्वाज, डीईओ बेसिक शिवपूजन सिंह, जीआईसी के प्रधानाचार्य बिमल बहुगुणा आदि शामिल थे।

लावारिस मिली कार, जांच में जुटी पुलिस

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः कोतवाली पुलिस ने देवी रोड़ में सड़क किनारे से एक लावारिस कार बरामद की है। कार के अंदर से गैस कटर व आक्सीजन सिलेंडर बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को सड़ किनारे खड़ी कार दिखाई दी। कार के अंदर से गैर कटर व आक्सीजन सिलेंडर बरामद हुआ है। कार देवी रोड में किराए के कमरे में रहने वाले एक व्यक्ति की बताई जा रही है। व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

खेल महाकुंभ का हुआ शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः विकास खंड द्वारीखाल का खेल महाकुंभ मंगलवार से शुरू हो गया है। इस दौरान छह सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में कृष्णा व बालिका वर्ग में पूजा प्रथम स्थान पर रही।

आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ द्वारीखाल ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी आगे आने की सीख दी। इस दौरान छह सौ मीटर दौड़ बालिका वर्ग में पूजा कंडवाल, तनिषा, सिमरन बालक वर्ग में कृष्णा, अनुज, सुजन ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों के लिए कबड्डी, दौड़, बालीवाल, बैडमिंटर व फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में ब्लाक की दस से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारीखाल जयकृत सिह बिष्ट, संजय बिष्ट, जयदीप रावत, हरपाल सिह रावत, चन्द्रमोहन चौधरी, मुन्नी देवी, उषा देवी, प्रभाकर डोबरियाल, जगमोहन देवरानी, कैलाश बिष्ट, यशपाल सिह, डा. दीपक देवरानी आदि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री बोले खेलों में सुनहरा भविष्य

बागेश्वर : युवा कल्याण विभाग तथा प्रातीय रक्षक दल के तत्वावधान में डिग्री कॉलेज खेल मैदान में मंगलवार को पांच दिवसीय खेल महाकुभ का शुभारंभ हो गया है।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास ने मशाल जलाकर प्रतियोगिता शुभारंभ किया। गत वर्ष की चैंपियन ने जलती मशाल लेकर मैदान का चक्कर लगाया। प्रतियोगिता के दौरान खो-खो, कबड्डी, एथलीड, गोपा फेंक, चक्का फेंक आदि प्रतियोगिता आयोजित होंगी।

मुख्य अतिथ दास ने कहा कि खेलों में सुनहरा भविष्य छिपा है। इसे आगे बढ़ाने में सरकार दिन-रात काम कर रही है।

गांव का प्रतिभावान छात्र राष्ट्र स्तर भी जा सकता है। यह प्रतियोगिता न्याय पंचायत से शुरू होकर प्रदेश स्तर तक जाती है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बंसती देव ने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ मैदान में जाने की अपील की। (एजेंसी)

सिसौना चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग

रुद्रपुर : देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष हेमचंद्र भट्ट ने एसडीएम तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपकर सिसौना की चुनावी प्रक्रिया को रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें शिकायत मिली है कि वोटिंग लिस्ट में खामियां हैं। देवभूमि व्यापार मंडल के बायलॉज के अनुसार मतदाता सूची नहीं बनाई गई है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में भट्ट ने आरोप लगाया कि सिसौना चुनाव संचालन समिति के द्वारा बनाई गई मतदाता सूचि में सिडकुल में काम करने वाले ठेकेदार,गैर मान्यता प्राप्त स्कूल के संचालनकर्ता, ट्रांसपोर्टर, कोचिंग संचालक, खोखा, फड़ व मीट, मछली विक्रेता व मेला कमेटी चलाने वालों के वोट बना दिए गए हैं। एक ही दुकान में काम करने वाले कई लोगों को अलग-अलग वोट बनाए गए हैं।

बीडीसी बैठक देर से शुरू होने पर प्रधान संगठन में रोष

बागेश्वर : क्षेत्र पंचायत गरुड़ की बैठक देर से शुरू होने पर ग्राम प्रधान संगठन ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने ब्लाक मुख्यालय में प्रदर्शन किया और चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र नई बैठक की तिथि तय नहीं कराई तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

ब्लाक मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष रविशंकर बिष्ट ने कहा कि बीडीसी बैठक न कराकर विकासखंड सभागार का उद्घाटन, कई योजनाओं का लोकार्पण व भूमि पूजन करवाया गया। इस कार्यक्रम में एक बज गया। जबकि बैठक का समय 11 बजे था। दूरस्थ गांवों के प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने घरों को चले गए। अधिकांश जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्या को रखने का समय नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि संगठन ने इसके बहिष्कार के लिए खंड विकास अधिकारी को एक पत्र दिया, परंतु विकासखंड तंत्र की निरंकुश हठधर्मिता के बावजूद बीडीसी की मीटिंग करवाई गई। प्रधानगणों के पद, गरिमा एवं सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बीडीसी बैठक शीघ्र दोबारा नहीं हुई तो समस्त प्रधान विकासखंड में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी आवाज को दबाया जा रहा है और ये लगातार चल रहा है। अध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि विकासखंड किसी की जागीर नही है। उन्होंने कहा कि हमें भी जनता ने चुना है। हम जनता के लिए कार्य कर रहे हैं। इस दौरान सुशीला बिष्ट, गोपाल राम, शंकर दत्त, गोपाल राम, पदम राम, राजन राम, विमला देवी, रणजीत रावत, पुष्पा देवी, कृपाल दत्त लोहुमी, महेंद्र सिंह, मनोज भट्ट, कृष्णा परिहार, हरीश सिंह जीना आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

विधायक का जताया आभार

पिथौरागढ़ : विधायक फ़कीर टम्टा ने श्री नागदेव रामलीला कमेटी को विधायक निधि से रामलीला मंच निर्माण के लिए तीन लाख देने की घोषणा। रामलीला कमेटी के सदस्यों ने मंच निर्माण के लिए धनराशि देने का अनुरोध किया था। तीन लाख की विधायक निधि देने पर श्रीनागदेव रामलीला कमेटी अध्यक्ष बंलवत धानिक, सचिव देवेन्द्र शाह, उपाध्याय जीवन धानिक, कमलेश पंत, पंकज पंत, राजेश रावत, राजेश कार्की, ललित पंत ने विधायक का आभार व्यक्त किया। (एजेंसी)

शिक्षक और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

रुद्रपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में वरिष्ठ प्रोफेसर दंपति के साथ हुई अमर्यादित घटना का खटीमा महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मचारियों ने विरोध किया। इस दौरान उन्होंने घटना की भर्त्सना की। साथ ही काले फीते बांधकर नाराजगी जताई। मंगलवार को शिक्षकों ने कहा कि महाविद्यालय में एक ओर जहां प्राध्यापक मानव संसाधनों के विकास में कार्य कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर महाविद्यालयों में प्राध्यापकों के साथ कुछ छात्र नेताओं द्वारा अमर्यादित व्यवहार एवं अभद्रता की जा रही है। उन्होंने महाविद्यालयों में अक्सर होने वाली इस तरह की घटनाओं और गैरजरूरी राजनीति की वजह गिरते शैक्षणिक वातावरण पर गहरी चिंता प्रकट कर उच्च शिक्षा निदेशक तथा सचिव, उच्च शिक्षा, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड को प्राचार्य के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। यहां शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.आशुतोष कुमार, सचिव डॉ. डीके चंदोला, उपाध्यक्ष डॉ. रीना सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. वीएन पांडेय, सदस्य डॉ. केके मिश्रा, डॉ. अंजना भट्ट, डॉ. हरेंद्र मोहन सिंह, डॉ. प्रमोद कांडपाल, डॉ. मनीष बेलवाल, डॉ. गुरेंद्र सिंह, डॉ. आरएस नेगी, डॉ. रोमा गुहा, डॉ. नमिता सामंत, डॉ. गगनप्रीत सिंह, डॉ. हेमा पांडेय, डॉ.धीरज गहतोड़ी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ब्रजेश यादव, डॉ. पिंकी भट्ट, डॉ. शांति चंद, डॉ. प्रशांत जोशी, डॉ. संध्या भट्ट, डॉ. ज्योति अग्रवाल रहीं। (एजेंसी)

साइबर सुरक्षा के बारे में बताया

पिथौरागढ़ : नगर के नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग संस्थान में मंगलवार को ऑनलाइन स्किल ए थोन दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस दौरान सीआईएससीओ के कार्तिक भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रो. हेमंत कुमार जोशी, डॉ. पुनीत चंद्र वर्मा, ज्योति जोशी, डॉ. दिनेश नेगी, डॉ. योगेश कोठारी, ललित रौतेला, कविता जोशी, जगदीश भट्ट, भूपेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी किया जाए

अल्मोड़ा : सर्वदलीय संघर्ष समिति ने पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण की व्यवस्था को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डीडीए समाप्ति का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग उठाई।

मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। समिति के प्रवक्ता राजीव कर्नाटक सभासद हेम चंद्र तिवारी, एनडी पांडे, महेश चंद्र आर्या, चंद्रमणी भट्ट, डीएस तिलारा, ललित मोहन पंत, सुरेंद्र लाल टम्टा, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, चंद्रकांत जोशी, ललित मोहन जोशी, राजेंद्र रावत, भावना पांडे, राजू गिरी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश प्रभारी का भव्य स्वागत किया

रुद्रपुर : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर भाजपाइयों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर कमेटी गठित करने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए आह्वान किया। कहा आगामी चुनाव को देखते हुए अल्पसंख्यक मोर्चे की जिम्मेदारी ज्यादा बनती है कि वह पार्टी को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करें। मंगलवार को पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा, किसान सबके लिए काम करने वाली सरकार है। भाजपा ने प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाएं चलाकर सबको मुख्य धारा में लाने का काम किया है। अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चे में समर्पित कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान दिया जाएगा। यहां अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जुल्फिकार अहमद, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक राय, हारून मलिक, जितेंद्र गौतम, अमर खान, अबरार अहमद, परवेज खान, बाबूद्दीन कुरैशी, रईस बरकाती, जुल्फिकार अली रहे। (एजेंसी)

सिसैया बंधा क्षेत्र के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

रुद्रपुर : सिसैया बंधा क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन कर बंधा, बलुवा खैरानी आदि ग्रामों में भरे पानी से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यूपी सिंचाई विभाग ने शारदा सागर बांध में अत्यधिक पानी रोकने से उनका जीवन खतरे में पड़ गया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर पानी की निकासी नहीं की गई तो वह लोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मंगलवार को तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि पानी लगातार बढ़ता जा रहा है। जिस तरह पानी बढ़ रहा है उस तरह लग रहा है कि यूपी व उत्तराखंड शासन-प्रशासन यहां किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि गत वर्ष भी एक बच्ची की यहां मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के सभी रास्ते जल मग्न हैं। पानी लोगों के घरों में घुस गया है। ग्रामीण नाव से आना जाना कर रहे हैं। पानी की वजह से ग्रामीण मजदूरी करने भी नहीं जा पा रहे। जिससे यहां लोग दो वक्त की रोटी के लिए भी मोहताज हो गए हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट से जल भराव से निजात दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर हृदयानंद, छोटे लाल राजभर, जीतन प्रसाद, सुरेश, हरिलाल, हरेंद्र, ओमहरी, शिवनाथ, रामजीत आदि थे। (एजेंसी)

उत्तरायणी मेले की तैयारियां शुरू

बागेश्वर : उत्तरायणी मेले को लेकर प्रशासन, व्यापार मंडल व नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। व्यापारियों ने दुकान दिलाने के नाम पर मनमानी बंद करने, बगैर सत्यापन के बाहरी क्षेत्र के लोगों को दुकान नहीं देने तथा मेलार्थियों को बेहतर सुविधा देने की मांग की। एसडीएम हरगिरि ने सभी व्यापारियों वरिष्ठ नागरिकों से मेले को भव्य बनाने में सहयोग की अपील की। बैठक में ईओ सतीश कुमार, कोतवाल कैलाश सिंह नेगी, व्यापार मंडल सचिव पुष्कर किरमोलिया, दिलीप खेतवाल, जयंत सिंह भाकुनी, इंद्र सिंह परिहार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

हाई कोर्ट नैनीताल ने सूखाताल एरिया में सभी निर्माण कार्यों पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

नैनीताल, हाई कोर्ट नैनीताल ने सूखाताल झील के सुंदरीकरण व भारी भरकम निर्माण कार्यों के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खण्डपीठ ने सूखाताल एरिया में सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई 20 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

मामले में कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के साथ ही स्टेट इनवायरमेंट इम्पैक्ट ऑथॉरिटी व स्टेट वेटलैंड मैनेजमेंट ऑथोरिटी को पक्षकार बनाकर नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान न्यायमित्र कार्तिकेय हरि गुप्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन से पता चला है कि की सूखाताल झील नैनीझील को 40 से 50 प्रतिशत रिचार्ज करती है। राज्य सरकार आईआईटी रुड़की द्वारा दिए गए सुझाव के विपरीत जाकर झील की सतह पर कंक्रीट बिछा रही है जो दोनों झीलों के लिए खतरा है।

राज्य सरकार ने इसके सुन्दरीकरण करने से पहले इसका पर्यावरणीय सर्वे नहीं किया। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट पर भी विस्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि उनके पास भी पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन करने की विशेषज्ञता नहीं है। आईआईटी रुड़की ने अपनी रिपोर्ट झील के सुन्दरीकरण के लिए तीन सुझाव दिए पहला झील के किनारे बाउंड्रीवाल बनाई जाय जिससे कि झील में अतिक्रमण न हो सके।

ग्रामीणों ने अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की

अल्मोड़ा : धौलछीना ब्लॉक के ग्राम पंचायत चनोली के मनियागर-नगरखान सड़क पर अवैध खनन रुकवाने की मांग ग्रामीणों ने की है। मामले में ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन भेज अवैध खनन कर रहे ठेकेदार पर कार्रवाई की भी मांग उठाई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि साल 2016 से निर्माणाधीन सड़क का काम आज तक पूरा नहीं किया गया है।

आरोप लगाया कि ठेकेदार सेलेक्शन बांड के नाम पर यहां से पत्थर निकालकर अन्यत्र ले जा रहा है।

इससे ग्रामीणों की वन पंचायत को नुकसान हो रहा है। ज्ञापन भेजने वालों में वन पंचायत सरपंच बसंत सिंह, ग्राम प्रधान दीपा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीपक चंद्र, पूर्व प्रधान पूरन सिंह, पूर्व प्रधान रमेश राम, गंगा सिंह, पदम सिंह, ललित सिंह, भूपाल सिंह, विक्रम सिंह आदि ग्रामीण शामिल हैं। (एजेंसी)

प्रशासन की कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कंप

बागेश्वर : नगर पंचायत क्षेत्र कपकोट में पालिका व प्रशासन की टीम ने औचक निरीक्षण कर दस लोगों का के खिलाफ चलानी कार्रवाई की।

साथ ही व्यापारियों को चेतावनी दी पालिका क्षेत्र में दुकानों में पॉलीथीन मिलने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। नगर पंचायत कपकोट में प्रशासन व नगर पंचायत एवं पुलिस के औचक निरीक्षण से व्यापारियों मे हड़कंप मच गया।

नगर पंचायत की संयुक्त चैकिंग टीम ने भराड़ी, पुल बाजार, कपकोट, बाजार के निरीक्षण के दौरान खुले में शौच करने वाले आठ व पॉलीथिन की बिक्री करते दो लोगो के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।

महोत्सव में ऐपण प्रदर्शनी लगाई

अल्मोड़ा : मोहन उप्रेती लोक संस्कृति कला एवं विज्ञान शोध समिति की ओर से रचना दिवस महोत्सव जारी है। सोमवार को महोत्सव के दूसरे दिवस ऐपण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें 25 से अधिक कलाकारों के ऐपण कला से संबंधित प्रदर्शनी लगाई। अल्मोड़ा एडम्स इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि ऐपण हमारे संस्कारों से जुड़े हैं। वहीं यह कला युवा पीढ़ी के लिए आय का साधन भी बन रही है। समिति के हेमंत जोशी ने बताया कि प्रदर्शनी में 25 कलाकारों के ऐपण को प्रदर्शित किया गया है। इनमें 50 वर्ष से अधिक आयु के कलाकारों और युवा कलाकारों की पेंटिंग शामिल हैं। प्रर्दशनी में बगेट से बनी धीरेंद्र पांडे की काष्ठ कला भी प्रदर्शित की गई। इस मौके पर संस्था के सचिव कमल पांडे, डॉ. निर्मल जोशी, राजेंद्र तिवारी, पूरन रौतेला, हर्षिता तिवारी, कार्तिक लोहनी, नमिता टम्टा, ममता, शगुन त्यागी, धीरेंद्र पांडे आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

सट्टा पर्ची के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी : वनभूलपुरा पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा पर्ची और नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात टीम रेलवे बाजार क्षेत्र में गश्त पर थी। जानकारी मिली कि एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी में जुटा है। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी हरीश चंद्र सुयाल निवासी बरेली रोड को दबोच लिया। आरोपी से सट्टे संबंधी सामग्री और 1050 रुपये बरामद हुए। (एजेंसी)

नौ दुकानदारों के चालान काटे

रुद्रपुर : नगर निगम की टीम ने मंगलवार को सिंगल यूज पॉलीथिन एवं गंदगी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने खेड़ा में पॉलीथिन और गंदगी पर नौ दुकानदारों का चालान काटा और दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही तीन किग्रा. पॉलीथिन भी जब्त की गयी। नगर निगम के सफाई निरीक्षक अमित नेगी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान निगम के कई कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

मत्स्य पालकों को आहार वितरित किया

अल्मोड़ा : विश्व मात्यिस्की दिवस पर मत्स्य प्रक्षेत्र मनान में विभाग की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर मत्स्य पालकों को शीतकाल में मत्स्य प्रबंधन एवं उत्पादन में बढ़ोतरी की जानकारी दी।

कार ने युवती को मारी टक्कर

हल्द्वानी : पीलीकोठी चौराहे के पास अनियंत्रित कार ने युवती को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बड़ी बहन की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जजफार्म निवासी दीपा आर्या का कहना है उसकी बहन चंद्रा आर्या पीलीकोठी चौराहे के पास पैदल जा रही थी। सफेद रंग की कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर से बहन के बाएं पैर की हड्डी टूट गई।

बहन ने पुलिस से आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। (एजेंसी)

प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली का हुआ भव्य स्वागत

सितारगंज। उत्तराखंड भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली प्रथम बार सितारगंज पहुंचे। जहां प्रदेश प्रभारी कोली का भाजपा अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

बता दें कि मंगलवार को उत्तराखंड भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली किच्छा रोड स्थित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला संयोजक ताहिर मलिक के आवास पर पहुंचे। जहां भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली का प्रथम बार सितारगंज पहुंचने पर ताहिर मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अल्पसंख्यकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। योजनाओं का अल्पसंख्यकों को लाभ मिल रहा है। कहा कि प्रदेश और भारत सरकार अल्पसंख्यकों के हितों के लिए अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को संबोधन में गिनाया, स्वागत कार्यक्रम से गदगद हुए मुकेश कोली ने सभी कार्यकर्तओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में पहुंचे राज्य हज बोर्ड के चेयरमैन खतीब अहमद ने प्रदेश में अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद किया। अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार अल्पसंख्यकों के लिए कल्याणकारी योजना चला रही है। इसका सीधा लाभ गरीब तबके के लोगो को मिल रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा जिला संयोजक ताहिर मलिक ने कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों के लिए गंभीर है और तमाम योजना चलाकर उनको लाभ दे रही है।

कैम्पटी क्षेत्र बनेगा नगर पालिका : सीएम

मेले के लिए दो लाख देने की घोषणा की

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कैम्पटी में खेलकूद एवं सांस्कृतिक मेले में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कैम्पटी में लगने वाले इस मेले के लिए 2 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कैम्पटी क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए इसे नगर पालिका बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेलों की सांस्कृतिक धरोहरों को बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उत्तराखण्ड में गौचर एवं जौलजीवी मेला अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मेले हैं। कैम्पटी क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बागवानी एवं जल विद्युत परियोजनाओं के क्षेत्र में भी राज्य में अनेक संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक देश के श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। सभी प्रदेशवासियों के सहयोग से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अकादमी में आयोजित चिंतन शिविर में उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में मंथन चल रहा है। अधिकारियों को इसके लिए सुनियोजित योजना बनाने के लिए कहा गया है। अन्य राज्यों में जो अच्छे कार्य हो रहे हैं, अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से ऐसे कुछ कार्यों को राज्य में बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में अपनाया जाय।

इस अवसर पर विधायक प्रीतम सिंह पंवार, क्रीडा समारोह के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पंवार, मसूरी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन सिंह मल, ब्लॉक प्रमुख जौनपुर श्रीमती सीता रावत, क्रीडा समिति के संयोजक राजेश नौटियाल, जिलाधिकारी टिहरी सौरभ गहरवार, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्थानीय उत्पाद भेंट करते हुए महिलाएं।

एटीएम चोरी करने पहुँचे दो बदमाश गिरफ्तार

संदिग्ध कार से बरामद हुए उपकरण व तमंचा

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वाररूशहर में एटीएम मशीन चोरी करने पहुँचे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों की कार से पुलिस ने अक्सीजन सिलेण्डर सहित अन्य उपकरण बरामद किए है। वहीं, बदमाशों से तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस भी मिला है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि मंगलवार को देवीरोड में संदिग्ध प्रतीत होने पर एक स्विफ्ट कार को रोका गया। कार चला रहे युवकों से जब पूछताछ की गई तो वह गोलमोल जवाब देने लगे। बताया की तलाशी के दौरान कार से अक्सीजन सिलेण्डर मय एक सिलेण्डर 5 ली, एक पेचकश, एक गैस कटर मय प्लास्टिक पाईप मय एक गैस सिलेण्डर को खोलने व जोड़ने वाली पलासनुमा चाबी बरामद किया गया। साथ ही बदमाशों से नाजायाज चाकू लोहा व एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस भी मिला है। अभियुक्तगणों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम यहां रात्री में एटीएम चोरी के प्रयोजन से आये थे। बदमाशों की पहचान निसार खान पुत्र सपात खान निवासी गांव- गोपुर तहसील व थाना हाथिन, जिला पलवल, हरियाणा व साद मौहम्मद पुत्र मजर, निवासी- रायपुर, तहसील- सोहना, थाना ताऊडू, गुडगांव हरियाणा के रूप में हुई है। बताया कि अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कोटद्वार पर अभियोग पंजीत किया गया । अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। अभियुक्तगणों के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है ।

विपिन और तमन्ना राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव के लिए चयनित

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के राइंका न्यूली के विपिन पंवार फायर फाइटर रोबोट व राइंका मंजाकोट की छात्रा तमन्ना का पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर आधारित प्रोजेक्ट राज्य विज्ञान महोत्सव के लिये चयनित हुआ है।

राइंका न्यूली के कक्षा 12वीं के छात्र विपिन ने अपना विशेष फायर फाइटर रोबोट प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। जिसे जिला विज्ञान महोत्सव में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल हुआ। वही मंजाकोट की कक्षा-7 की छात्रा तमन्ना का प्रोजेक्ट में पर्यावरण संबंधी चिंताओं का समाधान सुझाया गया है। जिसके अन्तर्गत यह बताया गया कि हानिकारक खरपतवार गाजर घास के उन्मूलन के लिये यदि इसका प्रयोग जैव रसायन के रूप में किया जाए तो जहां एक ओर खरपतवार नष्ट होगा वहीं हानिकारक रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। छात्रा का मार्गदर्शन जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अशोक कुमार बडोनी ने किया। जिनको नवाचारी प्रयोगों के लिये राज्यपाल पुरस्कार व शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।\

डीएवी कॉलेज ने जीती वॉलीबाल ट्रॉफी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की अंतर महाविद्यालय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून और बिड़ला परिसर श्रीनगर के बीच खेला गया। मुकाबले में डीएवी पीजी कॉलेज दून ने बिड़ला परिसर श्रीनगर को 3-1 से पराजित किया। विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्राफी, स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन मैदान में अंतर महाविद्यालय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता के तहत सोमवार को डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून, बिड़ला परिसर श्रीनगर, डीबीएस देहरादून तथा बीजीआर पौड़ी के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए थे। इसमें से डीएवी देहरादून व बिड़ला परिसर ने फाइनल में जगह बनाई। मंगलवार को पांच सेटों के मुकाबले में खेला गया मैच रोमांचक रहा। दोनों प्रतिभागी टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विवि के कुलसचिव डॉ. एके खंडूड़ी ने दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सातों टीमों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी खिलाड़ियों को उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की शुभकामनाएं दी। आयोजक सचिव वंदना डोभाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रो. किरण डंगवाल, डॉ. मुकुल पंत, डॉ. गुरदीप सिंह, रमेश रावत, मनोज रावत, सुदीप कुमार, नरेंद्र प्रसाद पुरी आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. हीरालाल यादव ने किया। (एजेन्सी)

बच्चों का स्कूल में करवाया दाखिला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट कोटद्वार टीम की ओर से 102 बालक बालिकाओं का दाखिला स्कूलों में कराया गया

साथ ही बच्चों को स्कूल बैग, ड्रेस, जूते, किताबें वितरित की। मौके पर बच्चों के अभिभावकों द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

छात्रों को पढ़ाया अनुशासन का पाढ़

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय बादशाहीथौल परिसर टिहरी के जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एनके अग्रवाल ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर विज्ञान वर्ग के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश ले चुके छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया।

विभागाध्यक्ष एनके अग्रवाल ने अवगत कराया कि वर्तमान में भारत वर्ष के 9 राज्यों के छात्र-छात्राओं ने स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लिया है। बीएससी प्रथम सेमेस्टर में भी भारत के विभिन्न प्रांतों के छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। उनके लिए विभाग के पाठ्यक्रम ,परीक्षा पद्धति, अनुशासन, छात्रावास व पुस्तकालय के नियम तथा परिसर की सुख-सुविधाओं से परिचय करवाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें पुस्तकालय संबंधी विस्तृत विवरण पुस्तकालयाध्यक्ष हंसराज विष्ट तथा परीक्षा संबंधित संपूर्ण विवरण प्रो. एमएमएस नेगी तथा विषय के पाठ्यक्रम प्रश्नपत्रों असाइनमेंट समय सारणी की जानकारी विभाग के प्रोफेसर एनके अग्रवाल, प्रोफेसर डीके शर्मा ने दी। अनुशासन व परिसर की सुविधाओं की जानकारी मुख्य नियंता प्रो. जीपीएस नेगी तथा छात्रावास से संबंधित विस्तृत विवरण छात्रावास अधीक्षक डॉ शंकर लाल ने बताई। इस अवसर पर परिषद के निदेशक प्रोफेसर एए बौड़ाई ने कार्यक्रम के लिए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एनके अग्रवाल और उनके साथी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम छात्रों के लिए निश्चित ही प्रेरणा का कार्य करेगा। (एजेंसी)

27 को होगी बैठक

चमोली : आगामी 27 नवंबर को तहसील सभागार में प्रति वर्ष आयोजित होने वाली श्री नंदा देवी लोकजात यात्रा के गांवों, पड़ावों, चौदह सयानो,गौड ब्राह्मणों एवं बधाण पट्टी के हक-हकूकधारियों की एक बैठक आयोजित की गई है। इसमें प्रति वर्ष नंदा सिद्धपीठ कुरूड़ से वेदनी बुग्याल तक जाने एवं वहां से लौट कर छः माह के प्रवास पर सिद्धपीठ देवराड़ा आने तक की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री मां नंदा देवी राजराजेश्वर सिद्धपीठ देवराड़ा बधाण समिति के अध्यक्ष भुवन चंद्र हटवाल ने बताया कि इस बैठक में प्रति वर्ष आयोजित होने वाली नंदा लोकजात यात्रा को व्यस्थित ढंग से आयोजित किए जाने,यात्रा का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किए जाने आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

जोशीमठ की छात्रा पूजा ने पास की नेट की परीक्षा

चमोली : उत्तराखंड सरहदी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जोशीमठ की एमए राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूजा पंवार ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा को अपने प्रथम प्रयास में ही क्लीयर किया है। इससे विकासखंड जोशीमठ में हर्ष की लहर है।

सीमांत जिला चमोली के दूरस्थ गांव मोल्टा निवासी पूजा पंवार ने यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण किया है। पूजा की प्राथमिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोल्टा में, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा पैनखंडा इंटरमीडिएट कॉलेज सलूड डूंगरा से हुई है।

इसके बाद उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा पीजी कालेज जोशीमठ से ली। पूजा वर्तमान में पीजी कालेज जोशीमठ की एमए राजनीति विज्ञान की द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। मंगलवार को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर पूजा पंवार को सम्मानित किया गया।

पूजा द्वारा इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर महाविद्यालय के प्राचार्य और समस्त महाविद्यालय ने खुशी जाहिर की है। पूजा ने बताया कि इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए उन्होंने अनेक बाधाओं का सामना किया है। कहा कि पहाड़ की लड़कियों में कई प्रतिभाएं हैं, लेकिन उनके परिजनों द्वारा बालिकाओं का जल्दी विवाह करना पहाड़ के विकास में एक अवरोधक है। बताया कि उनके ऊपर भी विवाह का दबाव बहुत अधिक था, लेकिन वह अपने माता-पिता को विवाह को कुछ समय देने के लिए मना पाई।

पूजा ने बताया कि वे छः बहनें व एक भाई हैं, जिसमें सबसे बड़ी वह हैं। महाविद्यालय परिवार की ओर से सम्मान प्राप्त करते हुए उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि बेटियों को बोझ न समझें।

इस अवसर पर प्राचार्य बीएन खाली, एचओडी राजनैतिक विज्ञाान अरूण कुमार, डा. डीके सेमवाल, ड.ा चरण सिंह, डा. राहुल तिवारी, डा. मुकेश कुमार, डा. नवीन कोहली, भवान सिंह राणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

अभिभावक भी सम्मान के हकदार : एडीएम

नई टिहरी : महिला कल्याण विभाग की ओर से पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन एंव सीएम वात्सल्य योजना सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम में दोनों योजनाओं के पात्र 20 बच्चों के साथ उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। जिला मुख्यालय स्थित चाइल्ड केयर सेंटर में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन एवं सीएम वात्सल्य योजना सम्मान संवाद कार्यक्रम में दोनों योजनाओं के पात्र बच्चों के बीच पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। पेंटिंग में आरती, रजत, मानसी तथा स्लोगन में शिवानी, पूजा, प्रिंस ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले बच्चों को एडीएम रामजी शरण शर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जो अभिभावक निराश्रित बच्चों की देखभाल कर रहे हैं, वह भी सम्मान के हकदार है। योजना से संबंधित किसी प्रकार की दिक्कतें आती हैं तो संबंधित लोग जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं।

बहुउद्देश्यीय शिविर में 46 शिकायतें निस्तारित

उत्तरकाशी : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत भटवाड़ी प्रखंड के अगोड़ा गांव में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 23 शिकायतें दर्ज की गईं। चिन्यालीसौड़ के राइंका कोटधार-पुजारगांव में आयोजित शिविर में भी 23 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। दोनों शिविर में कुल 46 शिकायतें निस्तारण हुईं।

अगोड़ा में मंगलवार को एडीएम तीर्थपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में एडीएम ने विभागीय अधिकारियों को सभी शिकायतों और समस्याओं को तय समय के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में ग्राम प्रधान अगोड़ा ने गंगोरी से अगोड़ा सड़क मार्ग की बदहाल स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए सुधारीकरण के साथ ही डामरीकरण की मांग रखी। इसके अलावा अगोड़ा में बिजली लाइन को दुरुस्त कराने, सड़क मार्ग के निर्माण में आई कृषि खेती का मुआवजा दिलाने, पेयजल लाइन को ठीक कराने, अगोड़ा क्षेत्र को ट्रेकिंग के रूप में विकसित करने, वर्ष 2013 की आपदा से खेतों एवं अन्य परिसम्पत्तियों को हुई क्षति का पुनः सर्वे कराने की मांग की गई। शिविर में विभागीय स्टॉल स्थापित कर सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर मुकेश पंवार, अनवीर पंवार, क्षेपंस अनुज पंवार, शंकरनन्द भट्ट, सीपी सुयाल, आकाश नेगी, एसडीओ आरएल रतूड़ी थे। दूसरी ओर, राइंका पुजारगांव में आयोजित शिविर में 23 शिकायतें निस्तारित करने के साथ ही ई डिस्ट्रिक्ट उत्तरकाशी के द्वारा 25 लोगों के आधार कार्ड बनाए गये। विभागीय स्टाल लगाकर जनता के जरूरी प्रमाण पत्र बनाए गये। (एजेंसी)

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज, बागेश्वर ने जीता उदघाटन मैच

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी के मनेरा स्टेडियम में राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल बालिका अण्डर-19 प्रतियोगिता का आगाज हुआ। गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच पिथौरागढ़ और बागेश्वर के मध्य खेला गया। इसमें बागेश्वर ने पिथौरागढ़ को 5-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

खेल निदेशालय देहरादून के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय उत्तरकाशी की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में बागेश्वर टीम की ओर से ज्योति ने 3 गोल, कोमल व मुस्कान ने 1-1 गोल किया। दूसरा मैच उत्तरकाशी व अल्मोड़ा के मध्य खेला गया। इसमें उत्तरकाशी ने अल्मोड़ा को 6-0 से हराया। उत्तरकाशी की ओर से नीतिका ने 2, लबली, नेहा, मोनिका, आंकाक्षा ने 1-1 गोल किया। तीसरा मैच चमोली व नैनीताल के मध्य खेला गया, जो ड्रा रहा। प्रतियोगिता में उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, बागेश्वर, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, पिथौरागढ, चमोली, हरिद्वार और पौड़ी समेत कुल 9 टीमें खेल रही हैं। विधायक सुरेश चौहान ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी चेतना अरोड़ा, पमिता उनियाल, विजयपाल मखलोगा, राजीव बहुगुणा, मनोज चौहान, अभिषेक जगूड़ी, सूरज गुसांई, वासुदेव गुसांई, विनोद चौहान, सुशील नौटियाल, कन्हैया रमोला, देशराज बिष्ट, गोपाल उनियाल, प्रदीप राणा, जिला क्रीड़ाधिकारी उत्तरकाशी निधि बिंजोला आदि थे।

छात्रों ने सीखें बायोडाटा बनाने के गुरू

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय पावकी देवी में साक्षात्कार को लेकर बायोडाटा का निर्माण विषय पर करिअर काउंसलिंग सेल की ओर से आयोजित कार्यशाला में छात्रों को बायोडाटा की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। मंगलवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. छाया चतुर्वेदी ने कहा कि बायोडाटा कागज पर जीवन की उपलब्धि होने के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जिसमें गैर जरूरी विवरण नहीं होना चाहिए। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. तनुआर बाली ने कहा कि बायोडाटा में संक्षिप्त रूप में अपनी संपूर्ण शौक्षिक सूचनाओं की जानकारी देना होता है। उन्होंने छात्रों के समक्ष बायोडाटा के स्वरूप प्रस्तुत कर समिति से उनका मूल्यांकन करने का आग्रह किया। कार्यशाला में डॉ. रेखा सिंह संजय कुमार, अंजना, गुंजन जैन, मुकेश रावत, राजेंद्र सिंह, विकास, सुभाष, निखिल आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

209 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिला प्रशासन द्वारा संचालित निःशुल्क प्रेरणा कोचिंग सेंटर में छठवें बैच के चयन हेतु मंगलवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।

प्रभारी अधिकारी ने बताया कि सिविल सर्विसेज में कोचिंग लेने के इच्छुक जनपद के 326 युवाओं ने आवेदन किया था, जिसमें से 209 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के सौ प्रश्न पूछे गए। जिसमें सामान्य अध्ययन, गणित तथा अंग्रेजी आदि विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल थे। इस परीक्षा का परिणाम जल्द ही जारी किया जाएगा। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से मैरिट के अनुसार पहले सौ अभ्यर्थियों का चयन कोचिंग के लिए किया जाएगा और अगले 6 महीने तक जिला प्रशासन के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग के दौरान युवाओं को आईएएस/पीसीएस द्वारा व्याख्यान भी दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के दौरान जिला आपदा प्रबन्ध अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कोचिंग सेंटर एनके जोशी, शिक्षक बीपी पोखरियाल, डीएस नेगी, आशुतोष पंत मौजूद थे।

नगर आयुक्त कर रहे खुद शहर के वार्डों का सर्वे

ऋषिकेश। बजट की कमी से जूझ रहे नगर निगम ने वार्डों में निर्माण से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकाला है। नगर आयुक्त अब शहर के वार्डों का खुद सर्वे कर रहे हैं। वह वार्डों में प्रमुख समस्याओं का निरीक्षण कर समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार करेंगे। इसकी शुरुआत उन्होंने सदानंद मार्ग और मीरानगर वार्ड से की है। नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल ने निर्माण और साफ-सफाई से जुड़े अधिकारियों के साथ वार्डों का निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने पार्षद मनीष शर्मा वार्ड नंबर दस सदानंद मार्ग में पीएनबी बैंक के नजदीक क्षतिग्रस्त पुलिया को जल्द दुरुस्त कराने की बात कही।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी

[illegible] 07.12.2022 [illegible] 13.00 बजे www.ireps.gov.in [illegible]

Category	Catalogue no.	Asset details	Auction start	Auction end
Advertising	22-MB-NFR-9	[illegible] LED [illegible] लखनऊ, [illegible] हरदोई, [illegible] ऋषिकेश, बरेली और ज्वालापुर रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन; [illegible]	07.12.22 13:00 बजे	07.12.22 17:30 बजे
ATM	22-MB-ATM-5	शाहजहांपुर, हरदोई, [illegible] & देहरादून रेलवे स्टेशन	07.12.22 [illegible] बजे	07.12.22 [illegible] बजे

3109/2022

[illegible]

सम्पादकीय

सीबीआई जांच से गुरेज क्यों?

उत्तराखंड में घटित हुए अंकिता हत्याकांड को लेकर जिस एसआईटी पर अब तक बड़ा विश्वास जताया जा रहा था उसी की जांच पर मृतिका के परिजनों ने सवाल खड़े करते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। उत्तराखंड जैसे प्रदेश में इस प्रकार की घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था और घटनाक्रम का राजनीतिक कनेक्शन भी खुलकर सामने आया था। समाज में देखा था कि अपने व्यवसाय के लाभ के लिए कोई कितना नीचे गिर सकता है और किस प्रकार से अपनी कर्मचारी को शारीरिक तौर पर उसे सौंपने के लिए विवश किया गया था। लड़की ने समझौता करने से इनकार किया तो राजनीतिक रसूख वालों ने उसे नहर में दें क कर मौत के घाट उतार दिया। हंगामा हुआ तो राजस्व पुलिस ने जांच में लीपापोती करते हुए रसूखदार आरोपियों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन जनता के विरोध के आगे आखिर सरकार को झुकना पड़ा और जांच रेगुलर पुलिस के हवाले की गई। जैसे तैसे दबाव पड़ने पर आरोपी गिरफ्तार हुए और जांच एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व वाली एसआईटी टीम को दी गई। घटना के दौरान आरोपियों के होटल पर जेसीबी चलाने के बाद सबूतों को नष्ट करने जैसे सवाल भी उठे तो सीबीआई की जांच भी जोर पकड़ने लगी। राज्य सरकार ने जैसे-तैसे आरोपियों के परिजनों को समझाने का प्रयास किया जिसमें मुआवजे के साथ सरकारी नौकरी का आश्वासन भी मिला लेकिन इकाई स्थितियां बदलने लगी और अब मृतका के परिजन सीबीआई जांच को लेकर धरने पर बैठे हैं। यानी कि स्पष्ट है कि इस प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी से परिजन संतुष्ट नहीं है। क्योंकि इस प्रकरण में विपक्ष पहले भी सीबीआई जांच की मांग पर मुखर हुआ था, लिहाजा अंकिता के माता-पिता द्वारा आंदोलन शुरू करने से अब एक बार फिर इस घटना पर राजनीति तेज होने वाली है। असल में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए स्थानीय संगठन द्वारा धरना पहले से ही चल रहा था लेकिन यह आंदोलन तब चर्चाओं में आया जब अंकिता के माता-पिता धरने में शामिल हुए। राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से ठंडा पड़ रहा यह मामला एकाएक अब पुनः एसआईटी जांच के बीच ही सुर्खियों में आ गया जो सरकार की छटपटाहट भी बढ रहा है। परिजन स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्हें एसआईटी की जांच पर भरोसा नहीं है। वह इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एसआईटी जिन सबूतों को जुटाने का दावा कर रही थी उन्हीं सबूतों पर परिजनों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। इन आरोपों के साथ ही वह पुराने आरोप भी जन्म लेने लगे हैं जिनमें घटना के अगले दिन फैक्ट्री में लगी आग और जेसीबी द्वारा दोस्ती करण से सबूतों के नष्ट होने की बात कही गई थी। स्पष्ट है कि अंकिता हत्याकांड जांच में कुछ ना कुछ तो लापरवाही हो ही रही है। जांच टीम परिजनों को संतुष्ट करने में अभी तक कामयाब नहीं हुई है और इन्हीं कारणों से परिजन अब सीबीआई की तरफ न्याय की निगाहें लगाए बैठे हैं। सीबीआई जांच के लिए मृतिका के परिजनों का इस प्रकार से आंदोलन पर उतरना एसआईटी टीम की कार्यशैली पर भी सीधे सीधे सवाल पैदा करता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार को तत्काल सीबीआई जांच की संस्तुति कर देनी चाहिए थी लेकिन कहीं ना कहीं इसमें फैसला लेने में देरी हुई है और अब आने वाले दिनों में यह मामला एक बार फिर उफान पर नजर आ सकता है

जांच एजेंसियों पर उठते सवाल

विनीत नारायण

पिछले कुछ समय से विवादों में घिरी सरकार की दो जांच एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई विपक्ष का निशाना बनी हुई हैं।

इस विवाद में ताजा मोड़ तब आया जब हाल ही में मुंबई की एक विशेष अदालत ने पात्रा चल पुनर्विकास से जुड़े मनी लन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा शिवसेना के सांसद संजय राउत की गिरफ्तारी को श्अवैध और शनिशाना बनाने की कार्रवाई करार दिया। इसके साथ ही राउत की जमानत भी मंजूर कर ली गई। अदालत के इस आदेश ने विपक्ष को और उत्तेजित कर दिया है। राज्यों में चुनावों के दौरान ऐसे फैसले से विपक्ष को एक और हथियार मिल गया है। विपक्ष अपनी चुनावी सभाओं में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने की तैयारी में है।

हालांकि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, और उसे जांच एजेंसियों के समकक्ष खड़ा नहीं किया जा सकता, फिर भी यह ध्यान देने योग्य है कि उत्तर प्रदेश के समाजवादी नेता आजम खां के मामले में भारत के चुनाव आयोग को भी अदालत की तीखी टिप्पणी झेलनी पड़ी। जिस तरह चुनाव आयोग ने अति तत्परता से आजम खां की सदस्यता निरस्त कर उपचुनाव की घोषणा भी कर डाली उस पर सर्वोच्च न्यायालय ने सवाल खड़ा किया कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि जो आयोग को तुरत-फुरत फैसला लेना पड़ा और आजम खां को अपील करने का भी मौका नहीं मिला।

न्याय की स्वाभाविक प्रक्रिया है कि आरोपी को भी अपनी बात कहने या फैसले के खिलाफ अपील करने का हक है जबकि इसी तरह के एक अन्य मामले में मुजफ्फरनगर जिले की खतौली विधानसभा से एक विधायक की सदस्यता रद्द करने में ऐसी फुर्ती नहीं दिखाई गई। एक ही अपराध के दो मापदंड कैसे हो सकते हैं? जहां तक जांच एजेंसियों की बात है तो दिसम्बर, 1997 के सर्वोच्च न्यायालय के श्विनीत नारायण बनाम भारत सरकार के फैसले के तहत इन जांच एजेंसियों को निष्पक्ष और स्वायत्त बनाने की मंशा से काफी बदलाव लाने वाले निर्देश दिए गए थे। इसी फैसले के तहत इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पर भी विस्तृत निर्देश दिए गए थे। उद्देश्य था इन संवेदनशील जांच एजेंसियों की अधिकतम स्वायत्ता को सुनिश्चित करना। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि हमने 1993 में एक जनहित याचिका के माध्यम से सीबीआई की अकर्मण्यता पर सवाल खड़ा किया था। तमाम प्रमाणों के बावजूद सीबीआई हिजबुल मुजाहिद्दीन की हवाला के जरिए हो रही दुबई और लंदन से फंडिंग की जांच को दो बरस से दबा कर बैठी थी। उस पर भारी राजनैतिक दबाव था। इस याचिका पर ही फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने उक्त आदेश जारी किए थे, जो बाद में कानून बने, परंतु पिछले कुछ समय से ऐसा देखा गया है कि ये जांच एजेंसियां सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले की भावना की उपेक्षा कर कुछ चुनिंदा लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई कर रही हैं। इन एजेंसियों के निदेशकों की सेवा विस्तार देने के ताजा कानून ने तो सर्वोच्च न्यायलय के फैसले की अनदेखी ही कर डाली।

साइबर ठगी रोकना बड़ी चुनौती

साइबर सुरक्षा को महवपूर्ण बनाने के लिए आवश्यक है कि बैंक, ई-वलेट कंपनियों, मोबाइल कंपनियों, पुलिस आदि की सामूहिक टीम का गठन होना चाहिए जो शिकायत पर सामूहिक रूप से कार्य करे। इन सभी विभागों के बीच तालमेल के लिए साइबर विशेषज्ञों की टीम के गठन की दिशा में कार्य होना चाहिए। पुलिस विभाग में साइबर अपराधों के लिए बनाए गए अलग सेल में आईटी क्षेत्र के प्रशिक्षित व्यक्तियों की नियुक्ति को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस सेल के अधिकारों एवं दायित्वों में वृद्धि भी की जानी चाहिए। त्वरित कार्रवाई के लिए पीडिघ्त व्यक्ति की अनलाइन सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा होनी चाहिए। साइबर ठगी को रोकने की दिशा में सरकार ने प्रयास तो बहुत किए हैं, परंतु उनमें आपसी तालमेल न होने एवं गंभीरता से प्रयास न किए जाने की कीमत लोगों को चुकानी पड़ रही है।

डा.सुरजीत सिंह गांधी

दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है। हर प्रकार का कार्य, डेटा एवं पैसे का आदान-प्रदान मोबाइल, कंप्यूटर एवं इंटरनेट के जरिए हो रहा है।

इंटरनेट के प्रसार के साथ-साथ आए दिन अनलाइन ठगी, हैकिंग, वायरस अटैक, डेटा चोरी आदि की खबरें भी पढने-सुनने को मिलती रहती हैं। अनलाइन फ्रड करने वाले भावनात्मक तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों से कार्ड, पिन आदि की जानकारी लेकर लोगों के खातों से पैसे निकाल लेते हैं। आरबीआई के अनेक जागरूकता कार्यक्रमों, आईपीसी की अनेक धाराओं एवं आईटी कानूनों के बाद भी साइबर ठग प्रति दिन ऐसे नये तरीकों का प्रयोग करते हैं कि शिक्षित व्यक्ति भी इन्हें समझने में चूक जाता है।

राष्ट्रीय अपराध रिकर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में भारत ने साइबर अपराध के कुल 52,974 मामले दर्ज हुए हैं जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक मामले धोखाधड़ी, 86 प्रतिशत मामले यौन शोषण और 54 प्रतिशत मामले जबरन वसूली के हैं। 2020 में 50,035, 2019 में 44,735 और 2018 में 27,248 मामले दर्ज हुए थे। आंकड़े बोलते हैं कि पिछले 3 वर्षों में 47 प्रतिशत उपभोक्ता फ्रड, 45 प्रतिशत साइबर क्राइम और 34 प्रतिशत केवाईसी से संबंधित फ्रड हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार कोविड के बाद 50 प्रतिशत से अधिक कंपनियां नये-नये तरीकों से वित्तीय फ्रड का शिकार हुई थीं। पुलिस, ई-वलेट कंपनियों, मोबाइल कंपनियों, बैंक, आईटी सेल आदि होने के बावजूद साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति बैंक, कस्टमर केयर, साइबर क्राइम, पुलिस आदि के चक्कर ही लगाता रह जाता है। विचारणीय प्रश्न है कि साइबर ठगी को रोकने लिए क्या कानून पर्याप्त हैं? बैंकिंग व्यवस्था इसे रोकने में आखिर, असफल क्यों है? दूसरी ओर, सरकार कैशलैश व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता है। साइबर अपराध केवल तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि बैंकिंग फ्रड के 95 प्रतिशत केस जागरूकता के अभाव में स्वयं की गलतियों से ही होते हैं। ओटीपी, केवाईसी, ओएलएक्स आदि ऐसे अनेक तरीके हैं, जिनका प्रयोग हैकर्स द्वारा किया जाता है।

अनलाइन ठगी जैसे अपराधों से बचने के लिए जागरूकता एकमात्र उपाय है। मैसज को बिना पढ़े जल्दबाजी में आने वाले लिंक को खोलने एवं सत्यता की परख के बिना गूगल से नम्बर लेने से भी लोग साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। जरूरी है कि अपने मोबाइल का एक्सेस किसी को नहीं देना चाहिए। इससे आपके मोबाइल का कंट्रोल दूसरे के हाथ में आ जाता है। प्ले स्टोर में एप्लीकेशन डाउनलोड करते समय उसकी वैधता भी चौक करनी चाहिए। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि साइबर ठगी से बचने के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं।

जैसे-मजबूत पार्सवड लगाना, पार्सवड को नियमित रूप से बदलते रहना, अनलाइन में अपनी पहचान को न बताना, पंजीत वेबसाइटों की पहचान, इलेक्ट्रनिक उपकरणों में सुरक्षा सफ्टवेयर लगाना, साइबर अपराधों को बढ़ावा देने वाली विभिन्न वेबसाइटों की पहचान आदि। सरकार के साथ-साथ वित्तीय संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है कि लोगों को टैक्नोलजी उपयोग के प्रति अधिक

जागरूक कर इंटरनेट की दुनिया को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य करें। इन स्थितियों में हैकर्स के लिए डेटा को हैक करना मुश्किल होगा। इसका समाधान भी तकनीक एवं प्रौद्योगिकी द्वारा ही निकालने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो उसकी सुरक्षा के लिए मजबूत साइबर तंत्र भी विकसित किए जाने की आवश्यकता है। साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति जैसे ही अपनी शिकायत बैंक, पुलिस, साइबर क्राइम की वेबसाइट या कस्टमर केयर पर करता है, तो उस पर तुरंत ही गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। साइबर टीम उस संबंधित बैंक के अकाउंट पर होल्ड लगा कर उस खाताधारक से पैसे की ही वसूली न करे, बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए।

साइबर सुरक्षा को महवपूर्ण बनाने के लिए आवश्यक है कि बैंक, ई-वलेट कंपनियों, मोबाइल कंपनियों, पुलिस आदि की सामूहिक टीम का गठन होना चाहिए जो शिकायत पर सामूहिक रूप से कार्य करे। इन सभी विभागों के बीच तालमेल के लिए साइबर विशेषज्ञों की टीम के गठन की दिशा में कार्य होना चाहिए। पुलिस विभाग में साइबर अपराधों के लिए बनाए गए अलग सेल में आईटी क्षेत्र के प्रशिक्षित व्यक्तियों की नियुक्ति को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस सेल के अधिकारों एवं दायित्वों में वृद्धि भी की जानी चाहिए। त्वरित कार्रवाई के लिए पीडिघ्त व्यक्ति की अनलाइन सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा होनी चाहिए। साइबर ठगी को रोकने की दिशा में सरकार ने प्रयास तो बहुत किए हैं, परंतु उनमें आपसी तालमेल न होने एवं गंभीरता से प्रयास न किए जाने की कीमत लोगों को चुकानी पड़ रही है।

क्योंकि राज्य सर्वोच्च है!

डेटा प्रोटेक्शन के बिल के नए प्रारूप के तहत सरकारी एजेंसियां जब तक चाहेंगी, नागरिकों का डेटा रख सकेंगी और उनका वे जिस मकसद के लिए चाहें, उपयोग कर सकेंगी। आखिर ऐसा क्यों?

डेटा प्रोटेक्शन के बिल के पेश प्रारूप के बारे में पहली बात यह जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि यह अंतिम मसविदा नहीं हैं। बल्कि सरकार ने इसे आम जन की राय जानने के लिए सामने रखा है। लोग अगले 17 दिसंबर तक इस पर अपनी राय सरकार को बता सकते हैं। इसलिए अभी इसमें कही गई बातों को आधार पर बना कर सरकार की आलोचना करना भी शायद तार्किक महसूस ना हो। लेकिन पृष्ठभूमि यह है कि सरकार ने इस बिल का प्रारूप पहले भी पेश किया था। उसकी सिविल सोसायटी में हुई कड़ी आलोचना के बाद वापस लिया गया। अब संशोधित प्रारूप सामने लाया गया है। इसमें किसी नागरिक के डेटा का प्राइवेट सेक्टर दुरुपयोग ना करे, इसके पुख्ता इंतजाम हैं। मसलन, यह कि किसी कंपनी को डेटा कि उपयोगिता पूरी होने के बाद तमाम डेटा को डिलीट कर करना होगा। इसके अलावा जिस मकसद से डेटा लिया गया है, उसके अलावा उसका उपयोग करना भी दुरुपयोग की श्रेणी में आएगा। ऐसा करने वाली कंपनी पर 500 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकेगा। यह अच्छा प्रावधान है।

लेकिन जो बात खटकती है वो यह है कि यही प्रावधान सरकार और उसकी एजेंसियों पर लागू नहीं होगा। बल्कि सरकारी एजेंसियां जब तक चाहेंगी, नागरिकों का डेटा रख सकेंगी और उनका वे जिस मकसद के लिए चाहें, उपयोग कर सकेंगी। आखिर ऐसा क्यों? संभवतरू इसलिए कि वर्तमान सरकार यह मान कर चलती है कि जैसे राजतंत्र के दौर में राजा सर्वोच्च होता था, वैसे ही आज के दौर में राज्य सर्वोच्च है। यानी नागरिक उसके मातहत हैं। जबकि लोकतंत्र की पूरी धारणा इस सोच पर आधारित है कि राज्य-तंत्र के मालिक लोग हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों का हित और राय ही सर्वोच्च हैं। दरअसल, अधिकारों की तमाम अवधारणाएं राज्य के विरोध में नागरिक की सर्वोच्चता की धारणा पर जोर देते हुए विकसित हुई हैं। इसलिए नागरिकों की निजता और उनसे संबंधित सूचनाओं पर राज्य का मालिकाना नहीं हो सकता। इसीलिए यह कहा गया है कि बिल का नया प्रारूप लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है।

बाली में भारत विजय

डा.दिलीप चौबे

भारत इंडोनेशिया के बाली में अपनी विदेश नीति की बड़ी सफलता के साथ जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने जा रहा है, इसके तहत भारत 2023 में जी-20 शिखर वार्ता का आयोजन करेगा।

देश में इस तरह का महवपूर्ण और व्यापक कूटनीतिक का आयोजन दशकों बाद होगा। भारत की अध्यक्षता में जी-20 से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन देश के विभिन्न नगरों में पूरे वर्ष चलेगा। इसका समापन संभवतरू सितम्बर महीने में शिखर वार्ता के आयोजन के साथ ही पूरा होगा। बाली शिखर वार्ता में भारत की भूमिका को पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में भारत की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कथन को केंद्रीय स्थान दिया गया है कि श्वर्तमान युग युद्ध का नहीं है।

अमेरिका सहित पश्चिमी देश और उनकी मीडिया इस बात का ढिंढोरा पीट रहे हैं कि जी-20 ने यूक्रेन पर आक्रमण करने की निंदा की। भारत के मीडिया में भी इस बात को दोहराया जा रहा है लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। पश्चिमी देश सामान्य समझदारी का परिचय भी नहीं दे रहे हैं कि क्या रूस स्वयं अपनी निंदा करेगा? यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में तटस्थ रहने वाले भारत जैसे देश आखिर रूस की निंदा क्यों करेंगे?

वास्तव में संयुक्त घोषणापत्र

अमेरिका के सेना प्रमुख मार्क मिले ने हाल में यूक्रेन के घटनाक्रम का यथार्थपूर्ण विश्लेषण किया है। अमेरिकी जनरल के अनुसार यूक्रेन का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है तथा रूस के लिए यह संभव नहीं है कि वह पूरे देश पर कब्जा कर सके। यूक्रेन के लिए भी मुमकिन नहीं है कि वह डोनबास और अन्य क्षेत्रों को रूसी सेना से खाली करा सके। आश्चर्य की बात है कि पश्चिमी देशों के नेता और मीडिया अपने ही सैन्य अधिकारी के विश्लेषण को नजरअंदाज कर रहे हैं। यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति जारी है तथा रूस पर प्रतिबंध को सख्त बनाया जा रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों का यह रवैया ही यूक्रेन की त्रासदी का मुख्य कारण है। समस्या यह है कि यूक्रेन युद्ध समाप्त भी हो जाए तो रूस के विरु द्ध प्रतिबंध जारी रहेंगे।

के वाक्य और शब्दावली बहुत चतुराई पूर्ण हैं। सामान्य अनुमान है कि इसे तैयार करने में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने कूटनीतिक अनुभव का प्रयोग किया है। घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित उस प्रस्ताव का हवाला दिया गया है, जिसमें यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की निंदा की गई थी, साथ ही रूस से आग्रह किया गया था कि वह यूक्रेन का भूभाग खाली करे। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित नहीं हुआ था। भारत सहित अनेक देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया था। इसलिए यह कहना भ्रामक है कि जी-20 शिखर वार्ता में रूस की निंदा की गई।

वास्तव में घोषणापत्र की अगली पंक्तियों में कहा गया है कि श्अधिकतर देशों ने रूस की निंदा की। हालांकि यूक्रेन के घटनाक्रम के संबंध में कई देशों की अपनी अलग राय थी। विदेश मंत्री जयशंकर को यह श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने एक ऐसे घोषणापत्र को तैयार करने में भूमिका निभाई जिस पर रूस को भी ऐतराज नहीं था। अपनी इस कूटनीतिक सफलता को भारत आने वाले दिनों में भी दोहरा सकता है। भारत पश्चिमी देशों और रूस के बीच पुल का काम कर सकता है।

जाड़े के मौसम के कारण यूक्रेन में युद्ध के मैदान पर गतिरोध की स्थिति है। अगले दो-तीन महीनों तक कोई भी पक्ष बड़ा सैन्य अभियान चलाने की स्थिति में नहीं है। इस समय का उपयोग वार्ता प्रक्रिया को शुरू करने के लिए किया जा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की हठधर्मिता के कारण वार्ता प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। जेलेंस्की हकीकत को नजरअंदाज कर रहे हैं तथा अपने देश के लिए तबाही का कारण बन रहे हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खेरसान नगर से रूसी सेनाओं को पीटे हटाने का फैसला कर अमेरिका और पश्चिमी देशों को यह संकेत दिया है कि रूस का इरादा यूक्रेन पर कब्जा करना नहीं है। रूस केवल रूसी भाषाभाषी लोगों की जान माल की सुरक्षा करने के लिए डोनबास और अन्य क्षेत्रों को सुरक्षा कवच दे रहा है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने जनमत संग्रह के जरिए रूसी संघ में शामिल होने का फैसला किया है।

अमेरिका के सेना प्रमुख मार्क मिले ने हाल में यूक्रेन के घटनाक्रम का यथार्थपूर्ण विश्लेषण किया है। अमेरिकी जनरल के अनुसार यूक्रेन का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है तथा रूस के लिए यह संभव नहीं है कि वह पूरे देश पर कब्जा कर सके। यूक्रेन के लिए भी मुमकिन नहीं है कि वह डोनबास और अन्य क्षेत्रों को रूसी सेना से खाली करा सके। आश्चर्य की बात है कि पश्चिमी देशों के नेता और मीडिया अपने ही सैन्य अधिकारी के विश्लेषण को नजरअंदाज कर रहे हैं।

यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति जारी है तथा रूस पर प्रतिबंध को सख्त बनाया जा रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों का यह रवैया ही यूक्रेन की त्रासदी का मुख्य कारण है। समस्या यह है कि यूक्रेन युद्ध समाप्त भी हो जाए तो रूस के विरु द्ध प्रतिबंध जारी रहेंगे। भारत जैसे देशों के लिए सिरदर्द बना रहेगा। अमेरिका और पश्चिमी देश भारत और रूस के बीच कायम और निरंतर बढ़ रहे सहयोग को किस सीमा तक स्वीकार करते हैं, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

दलबदल का आधा अधूरा कानून न बने

केंद्र सरकार दलबदल का नया कानून लाने जा रही है। अस्सी के दशक में तब की राजीव गांधी सरकार ने जो दलबदल कानून बनाया था उसमें कई बार संशोधन हो चुका है। पिछले कुछ बरसों में नेताओं के पार्टी छोडने की जैसी प्रवृत्ति देखने को मिली है और जिस तरह के घटनाक्रम देखने को मिले हैं उनसे लग रहा है कि नया कानून समय की जरूरत है। लेकिन इस बार कानून आधा अधूरा नहीं बनना चाहिए। उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि सिर्फ व्यावहारिक राजनीतिक पहलू को ध्यान में रख कर कानून नहीं बनाना चाहिए, बल्कि राजनीति की शुचिता का भी ध्यान रखते हुए कानून बनना चाहिए।

बताया जा रहा है कि नया दलबदल कानून सिर्फ विधायकों, सांसदों यानी चुने हुए प्रतिनिधियों पर ही लागू नहीं होगा, बल्कि पंजीत पार्टियों के पदाधिकारियों पर भी नया कानून लागू होगा। इसका मतलब है कि किसी रजिस्टर्ड पार्टी का पदाधिकारी

कानून का यह प्रावधान चुने हुए प्रतिनिधियों को भी चुनाव लडने से रोकेगा। यानी अगर चुनाव से छह महीने पहले कोई सांसद या विधायक अपनी पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में जाता है तो वह उस पार्टी से चुनाव नहीं लड़ पाएगा। उसे निर्दलीय लडना होगा। ध्यान रहे सबसे ज्यादा संख्या में दलबदल चुनाव से पहले होता है। एक पार्टी से चुने हुए प्रतिनिधि जब अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो चुनावी हवा को बूझते हुए ऐन चुनाव से समय पार्टी बदल लेते हैं। दूसरी पार्टी भी उन्हें खुशी खुशी टिकट दे देती है। जैसे इस बार गुजरात विधानसभा के लिए चुने गए आधा दर्जन से ज्यादा कांग्रेस के विधायक भाजपा की टिकट से लड़ रहे हैं।

अभी सूत्रों के हवाले से जो बातें सामने आ रही हैं उनसे लग रहा है कि सरकार ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र में चुनी हुई सरकारों को गिरा कर नई सरकार बनाने के घटनाक्रम का ध्यान नहीं रखा गया है। इनका ध्यान रखते हुए यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि चुने हुए प्रतिनिधि अगर पार्टी छोड़ते हैं और अपनी विधायकी या सांसदी से इस्तीफा देते हैं तब भी पांच साल तक उनके चुनाव लडने पर रोक रहेगी। चुनाव से छह महीने पहले इस्तीफा देने वालों के लिए जो नियम बनाया जा रहा है वह पूरे पांच साल के लिए रहे।

भी दलबदल करता है तो उसे दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि नए कानून के तहत चुनाव से छह महीने पहले दलबदल करने वाले पदाधिकारी को भी किसी दूसरी पार्टी की टिकट से चुनाव लडने से रोका जा सकता है। वह चाहे तो निर्दलीय चुनाव लड़ सकता है।

कानून का यह प्रावधान चुने हुए प्रतिनिधियों को भी चुनाव लडने से रोकेगा। यानी अगर चुनाव से छह महीने पहले कोई सांसद या विधायक अपनी पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में जाता है तो वह उस पार्टी से चुनाव नहीं लड़ पाएगा। उसे निर्दलीय लडना होगा। ध्यान रहे सबसे ज्यादा संख्या में दलबदल चुनाव से पहले होता है। एक पार्टी से चुने हुए प्रतिनिधि जब अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो चुनावी हवा को बूझते हुए ऐन चुनाव से समय पार्टी बदल लेते हैं। दूसरी पार्टी भी उन्हें खुशी खुशी टिकट दे देती है।

जैसे इस बार गुजरात विधानसभा के लिए चुने गए आधा दर्जन से ज्यादा कांग्रेस के विधायक भाजपा की टिकट से लड़ रहे हैं।

अभी सूत्रों के हवाले से जो बातें सामने आ रही हैं उनसे लग रहा है कि सरकार ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र में चुनी हुई सरकारों को गिरा कर नई सरकार बनाने के घटनाक्रम का ध्यान नहीं रखा गया है। इनका ध्यान रखते हुए यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि चुने हुए प्रतिनिधि अगर पार्टी छोड़ते हैं और अपनी विधायकी या सांसदी से इस्तीफा देते हैं तब भी पांच साल तक उनके चुनाव लडने पर रोक रहेगी। चुनाव से छह महीने पहले इस्तीफा देने वालों के लिए जो नियम बनाया जा रहा है वह पूरे पांच साल के लिए रहे। यानी पांच साल में कभी भी कोई चुना हुआ प्रतिनिधि पार्टी छोड़ता है तो दूसरी किसी पार्टी से वह चुनाव नहीं लड़ पाए। इसी तरह गठबंधन बदल को लेकर भी कानून में प्रावधान किया जाना चाहिए। एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लडने वाले गठबंधन की पार्टियां चुनाव के बाद एक निश्चित समय तक गठबंधन तोड़ कर दूसरे गठबंधन के साथ न जा सकें, इसका भी नियम बनना चाहिए।

इंडोनेशिया के जावा में भूकंप से 162 लोगों की मौत

जकार्ता ,एजेंसी। इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में 56 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 162 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों अन्य घायल हो गए। यूएस जियोलजिकल सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप पश्चिम जावा के सियानजुर शहर में 10 किलोमीटर की गहराई में आया था। जिस क्षेत्र में भूकंप आया, वह घनी आबादी वाला है और भूस्खलन की संभावना है, कई इलाकों में अस्थायी घर मलबे में तब्दील हो गए हैं। बचावकर्ता रात में काम कर रहे थे, ताकि अन्य लोगों को बचाने की कोशिश की जा सके जो अभी भी ढह गई इमारतों के नीचे फंसे हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर रिदवान कामिल ने कहा कि 162 लोग मारे गए, 700 से अधिक घायल हुए और 13,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए। उन्होंने आशंका जताई कि चोटों और मौतों की संख्या बढने की संभावना है, क्योंकि घटनास्थल पर बहुत से लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इंडोनेशिया में भूकंप आम हैं, जो प्रशांत क्षेत्र में विवर्तनिक गतिविधि के रिंग अफ फायर क्षेत्र पर बैठता है, सुलावेसी में 2018 के भूकंप के साथ 2,000 से अधिक लोग मारे गए।

खेत में पानी लगाने को लेकर चले लाठी-डंडे, तीन घायल

ग्रेटर नोएडा ,एजेंसी। ग्रेटर नोएडा में जमीन के विवाद में बीती रात दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले हैं। इस घटना में बाप-बेटे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दनकौर थाना पुलिस पुलिस गांव में तैनात है।

थाना दनकौर क्षेत्रान्तर्गत अनु पुत्र देवेंद्र नागर व अनिल पुत्र रुमाल का खेत में पानी लगाने को लेकर विवाद हो गया। इसमें दोनों पक्षों की तरफ से लोग जमा हो गए। बात इतनी बढ़ गई तो लाठी डंडे चलने लगे और फावड़े से भी हमला किया गया। ये मामला दनकौर के ऊंची दनकौर कस्बे का है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

बंगाल में भाजपा के संगठन में मिथुन चक्रवर्ती निभाएंगे बड़ी भूमिका

कोलकाता ,एजेंसी। पश्चिम बंगाल में मिथुन चक्रवर्ती अब भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों में जमीनी स्तर पर बड़ी भूमिका निभाएंगे। मिथुन 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे, लेकिन उनकी गतिविधियां मुख्य रूप से पार्टी के लिए मेगा अभियान रैलियों में भाग लेने तक ही सीमित थीं। हाल ही में, कोलकाता में मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि वह अब राज्य में पार्टी की गतिविधियों पर अधिक ध्यान देंगे। दरअसल, अगले दो वर्षों में होने वाले दो बड़े चुनाव, 2023 में पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और 2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की राज्य इकाई को लगता है कि सुपरस्टार को पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों में बड़े पैमाने पर शामिल करने का यह सही समय है।भाजपा की राज्य कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती के लिए इस सिलसिले में अगले कुछ दिनों के लिए विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। इसकी शुरूआत 23 नवंबर को होगी, जब चक्रवर्ती और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुकांत मजूमदार, पश्चिम बंगाल के आदिवासी बहुल पुरुलिया जिले में पंचायत स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। 24 नवंबर को, चक्रवर्ती और सुकांत मजूमदार दोनों एक अन्य आदिवासी बहुल जिले बांकुड़ा में होंगे, जहां उस दिन स्थानीय पार्टी नेताओं के साथ बैठक में भाग लेने के अलावा, वे 25 नवंबर को वहां एक रैली को भी संबोधित करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट: राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के मुद्दे पर 14 राज्यों ने दिया जवाब

नई दिल्ली , एजेंसी। भीमा कोरेगांव मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपी आनंद तेलतुंबडे को जमानत देने के बम्बे हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ छप। ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार यानी 25 नवंबर को मामले की सुनवाई के लिए राजी हो गया है।

इससे पहले बम्बे हाईकोर्ट ने 18 नवंबर को भीमा कोरेगांव मामले के आरोपी आनंद तेलतुंबडे को जमानत दे दी थी। उन्हें एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी गई थी। एनआईए के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के अनुरोध पर हाईकोर्ट ने एक सप्ताह के लिए आदेश पर रोक लगा दी थी।

तेलतुंबडे को अप्रैल 2020 में गिरफ्तार किया गया था। आनंद तेलतुंबडे वर्तमान में नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद हैं। एक विशेष कोर्ट के जमानत देने से इनकार करने के बाद तेलतुंबडे ने पिछले साल हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका में किया गया था कि वह 31 दिसंबर 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे और उन्होंने कोई भड़काऊ भाषण भी नहीं दिया था।

दरअसल, एक जनवरी को भीमा-कोरेगांव लड़ाई के 200 साल पूरे होने के मौके पर एक कार्यक्रम में हिंसा भड़क गई थी। इसमें एक की मौत हो

गई थी और 10 पुलिसकर्मियों सहित कई घायल हो गए थे। भीमा-कोरेगांव में झड़पों के बाद जनवरी में राज्यव्यापी बंद के दौरान पुलिस ने 162 लोगों के खिलाफ 58 मामले दर्ज किए थे।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 82 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता पी वरवरा राव को जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अंतरिम आदेश में भीमा कोरेगांव के एक अन्य आरोपी गौतम नवलखा को उनकी स्वास्थ्य स्थिति और वृद्धावस्था को देखते हुए एक महीने की अवधि के लिए घर में नजरबंद रखने की अनुमति दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनावी बन्ड योजना में संशोधन से संबंधित एक नई याचिका की सुनवाई के लिए 6 दिसंबर की तारीख तय की। केंद्र सरकार की ओर से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानसभा चुनावों के दौरान 15 अतिरिक्तदिनों के लिए चुनावी बन्ड की बिक्री की अनुमति के लिए योजना में संशोधन किया गया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील के यह कहने के बाद मामले को स्थगित कर दिया कि उन्होंने कुछ अतिरिक्त आधार लिए हैं। इस मामले की सुनवाई 6 दिसंबर को की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 6 दिसंबर को एक कांग्रेसी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें हालिया अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जिसके द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी बन्ड की बिक्री को 15 दिन और बढ़ा दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि वह 2018 की चुनावी बन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ कांग्रेस नेता जया ठाकुर की नई याचिका पर 6 दिसंबर को सुनवाई करेगी।

राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बन्ड को पेश किया गया है। सरकार ने 2 जनवरी, 2018 को चुनावी बांड योजना को अधिसूचित किया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बांड ऐसे व्यक्ति द्वारा खरीदा जा सकता है, जो भारत का नागरिक है या भारत में निगमित या स्थापित निकाय है। एक व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है।

केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के मुद्दे पर सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श बैठकें की हैं और 14 राज्यों ने अपनी रिपोर्ट सौंपी है। इसने कहा कि शेष 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टिप्पणियां नहीं मिली हैं और चूंकि मामला संवेदनशील प्रति का है और इसके दूरगामी प्रभाव होंगे, इसलिए उन्हें अपने विचारों को अंतिम रूप देने में सक्षम बनाने के लिए कुछ और समय दिया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने केंद्र को इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट का अवलोकन किया जिसमें कहा गया है कि कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस मुद्दे पर अपनी राय बनाने से पहले सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करने के लिए अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया है। स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी टिप्पणी दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ट्रक के हेल्पर को जमानत दे दी, जिस पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत आरोप लगाया गया था। ओडिशा सरकार राहत के लिए उसकी याचिका पर जवाब दाखिल करने में विफल रही थी जिसके बाद अदालत ने आरोपी को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एस के कौल और अभय एस ओका की पीठ ने कहा कि आरोपी 18 महीने से अधिक समय से हिरासत में है। नोटिस अक्टूबर में जारी किया गया था, इसके बावजूद राज्य के वकील ने जवाब दाखिल नहीं किया।

अदालत ने कहा, हम पाते हैं कि नोटिस 26 अक्टूबर, 2022 को दिया गया था और प्रतिवादी के वकील ने आज कहा कि राज्य ने उन्हें कल ही निर्देश दिया है।

यदि राज्य के पास समय पर निर्देश जारी करने का समय नहीं है, तो हमारे पास राज्य के लिए इंतजार करने का समय नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल वाहन का खलासी ही था जो भागा नहीं, जबकि अन्य सभी भाग गए और अभी भी पकड़े नहीं गए हैं। आरोपी 21 मार्च, 2021 से यानी डेढ़ साल से अधिक समय से हिरासत में है। इन तथ्यों और परिस्थितियों के मद्देनजर हम अपीलकर्ता को ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के लिए नियम और शर्तों पर जमानत देते हैं।

सऊदी अरब ने 10 दिनों में 12 लोगों को सुना दी सजा-ए-मौत, सिर्फ इस जुर्म के लिए धड़ से अलग कर दिया गया गला

रियाद ,एजेंसी। सऊदी अरब अपनी खौफनाक सजाओं के लिए मशहूर रहा है जहां चोरी करने की सजा में आपका हाथ काट दिया जाएगा। सजाएं ऐसी कि आपकी रूह कांप जाएगी। सऊदी मौत में की सजा देने वाले मुल्कों में नंबर चार पर आता है. यहां पर भीड़ के बीच में ही व्यक्ति का गला काटकर मौत की सजा दी जाती है।

दरअसल, सऊदी अरब में 10 दिनों के अंदर ही 12 लोगों को सजा-ए-मौत देते हुए, उनका सिर धड़ से अलग कर दिया गया है। इनमें कई लोग तो ऐसे थे, जिनकी गर्दन को तलवार से काटा गया। जाहिर तौर पर आज के समय में इस तरह की सजा के बारे में सोचना भी खौफनाक है। लेकिन आधुनिक तरक्की से लिपटा हुआ सऊदी अरब अपनी पुरानी कुप्रथाओं को छोड़ नहीं पा रहा है।

सऊदी अरब में जिन 12 लोगों का सिर काट दिया गया, वह अधिकतर प्रवासी लोग हैं। जिनमें तीन पाकिस्तानी, चार सीरियाई और दो जर्डन के रहने वाले हैं।

आयकर विभाग की छापेमारी, देश भर में 100 करोड़ रुपये के काले धन का लगाया पता

नई दिल्ली, एजेंसी। आयकर विभाग ने मंगलवार को टैक्स चोरी के मामले में देश भर में 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनेदेन का खुलासा किया है। विभाग ने देश भर में आभूषण और रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े कुछ समूहों की तलाशी के दौरान कालेधन का पता लगाया है।

एक अधिकारी के मुतबिक, विभाग ने 17 नवंबर को पटना, भागलपुर, डेहरी-अन-सोन, लखनऊ और दिल्ली में 30 से अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था। इसमें विभाग ने कुछ ऐसे व्यक्तियों और समूहों पर तलाशी अभियान चलाया, जो रियल एस्टेट और

आभूषण व्यापार से जुड़े हुए थे।

आयकर विभाग के तलाशी के दौरान, बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज और आयकर चोरी का संकेत देने वाले डिजिटल सबूत मिले। जब्त किए गए सबूतों से विभाग को पता चला कि सोने और हीरे के आभूषणों के कारोबार में लगे समूहों ने अपनी बेहिसाब आय को आभूषणों की नकद खरीद, दुकानों के नवीनीकरण और अचल संपत्तियों में निवेश किया था। विभाग को तलाशी के दौरान, 12 करोड़ रुपये से अधिक का बेहिसाब स्टक पाया गया। बेहिसाब नकद लेनदेन की मात्रा 80 करोड़ रुपये से अधिक है। विभाग ने 14 बैंक लकरों को बंद कर दिया है। अधिकारी ने कहा कि अब तक, 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन का पता चला है। मामले में आगे की जांच जारी है। आयकर विभाग ने 20 और 2 नवंबर को छापेमारी की जिसमें 1300 करोड़ रुपये की बेहिसाब अघोषिच आय का पता चला। विभाग ने मुंबई, बेंगलुरु और गोवा में फैले 50 से अधिक रियल एस्टेट समूहों पर छापेमारी की थी। सीबीडीटी के बयान के मुताबिक, तलाशी अभियान में 1300 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब रकम का पता लगाया है। इसके अलावा, विभाग ने 24 करोड़ रुपये की नकदी और सोने के आभूषण भी जब्त किया है।

ताजमहल में नमाज पढ़ रहे शख्स के वायरल वीडियो की जांच करेगी एएसआई

आगरा ,एजेंसी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने एक वायरल वीडियो की प्रामाणिकता की जांच करने का फैसला किया है, क्योंकि इस वीडियो में कथित तौर पर ताजमहल परिसर के अंदर उद्यान क्षेत्र में एक व्यक्ति को एक महिला के साथ श्नमाज पढ़ते हुए दिखाया गया है। एएसआई के आगरा सर्कल के अधीक्षण पुरातत्वविद राज कुमार पटेल ने कहा, एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति उस इलाके में नमाज अदा करता दिख रहा है, जिसे ताजमहल का परिसर कहा जाता है। हालांकि वीडियो की प्रामाणिकता के बारे में कोई निश्चितता नहीं है, क्योंकि ताजमहल में हमारे किसी भी कर्मचारी ने ऐसा होते हुए नहीं देखा।

लड़के ने लड़की के शरीर पर अपना नाम लिखवाने के लिए किया मजबूर, गिरफ्तार

लखनऊ,एजेंसी। 25 वर्षीय एक नर्सिंग छात्र को एक लड़की को अपने निजी अंगों पर ब्लेड से अपना नाम लिखने के लिए मजबूर करने और फिर वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने चाकू की नोंक पर युवती को धमकाया। बात न मानने पर उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। 21 वर्षीय पीडिघ्ता के माता-पिता ने व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार पीडिघ्ता और आरोपी लखनऊके एक निजी संस्थान से नर्सिंग का कोर्स कर रहे हैं। दोनों इन दिनों मल क्षेत्र स्थित सीएचसी में इंटर्नशिप कर रहे हैं।

एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा, आरोपी अवेंद्र सोनवाली ने लड़की से दोस्ती की और अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए उसका मोबाइल नंबर हासिल किया। उसने व्हाट्सएप कल के जरिए लड़की से बात करनी शुरू कर दी। उसने लड़की से कहा कि वह उससे प्यार करता है और शादी करना चाहता है, लेकिन लड़की ने इसकी सहमति नहीं दी।

वह उस कमरे में भी गया जहां लड़की रह रही थी और चाकू की नोंक पर अश्लील वीडियो बनाए। उसने पीडिघ्ता को धमकी दी कि वह उससे शादी करे या परिणाम भुगतें।

एडीसीपी ने कहा कि, हाल ही में उसने फिर से लड़की को एक वीडियो कल किया ।

इराक में आईएस के छह प्रमुख सदस्य गिरफ्तार

बगदाद ,एजेंसी। इराक ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी समूह के छह प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से कम से कम दो कुर्दिस्तान के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र में पकड़े गए हैं और देश के उत्तरी प्रांत किरकुक में चार आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों से यह जानकारी दी गई है। इराकी सेना के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता याहिया रसूल ने कहा कि बगदाद और अनबर प्रांत के उत्तर में सक्रिय आईएस के सदस्यों को इराकी आतंकवाद विरोधी सेवा और कुर्द क्षेत्र से सुरक्षा सेवा असयिश द्वारा एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया है।

रसूल ने गिरफ्तारी के स्थान और समय के बारे में विवरण साझा नहीं किया, जबकि बयान में दो आईएस आतंकवादियों की पहचान अहमद सालेह और बहाउद्दीन जुबेर के रूप में की गई है।

इराक के सशस्त्र बलों से संबद्ध सुरक्षा मीडिया सेल ने ट्वीट कर बताया कि आंतरिक मंत्रालय से खुफिया रिपोटरें पर कार्रवाई करते हुए, इराकी वायु सेना ने सोमवार को आईएस को निशाना बनाते हुए हवाई हमले शुरू किए, किरकुक में उनके चार ठिकानों को नष्ट कर दिया।

पिछले महीनों में, इराकी सुरक्षा बलों ने चरमपंथी उग्रवादियों के खिलाफ उनकी तीव्र गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाए हैं।2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हो रहा है।हालांकि, इसके आईएस के लोग शहरी क्षेत्रों, रेगिस्तानों और बीहड़ इलाकों में घुस गए हैं।

मैं किसी से नहीं डरता, न ही किसी को मुझसे डरने की जरूरत: थरूर

मल्लपुरम, एजेंसी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को अपने मालाबार दौरे को जारी रखते हुए यहां पनक्कड़ में यूडीएफ-सहयोगी आईयूएमएल के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया को संबोधित किया और अपने ऊपर लगे आरोप को लेकर जवाब दिया। मालाबार दौरे को लेकर जब मीडिया ने सवाल किया कि आपके इस दौरे से किसे डर था? तो उन्होंने जवाब दिया कि न ही वह किसी से डरते हैं और न ही किसी को मुझसे डरने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके ऊपर गुटबाजी के जो आरोप लग रहे हैं वे बेबुनियाद हैं।

दरअसल, कांग्रेस नेता शशि थरूर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने और सार्वजनिक हस्तियों से मिलने के लिए चल रहे मालाबार दौरे ने कांग्रेसियों के कान खड़े कर दिए हैं। केरल में कांग्रेस के एक महत्वपूर्ण वर्ग में से कुछ ने तिरुवनंतपुरम सांसद के कदम के पीटे एक एजेंडा भांप लिया है। राज्य कांग्रेस में एक

नए थरूर समूह के उभरने के संकेत मिल रहे हैं और उनके समर्थक उन नेताओं के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं, जिन्होंने कथित रूप से संघ परिवार और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती पर आयोजित एक सेमिनार पर अघोषित प्रतिबंध लगाया था। अब इन्हीं अटकलों को जवाब देते हुए थरूर ने कहा कि न ही वह किसी से डरते हैं और न ही किसी को मुझसे डरने की जरूरत है।

पार्टी में थरूर के विरोधियों को लगता है कि अपने कार्यक्रमों के जरिए वह राज्य में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ के शासन को समाप्त करने के लिए 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए खुद को कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के आदर्श मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। चूंकि यह मुद्दा कांग्रेस की राज्य इकाई में उछलता रहा, पार्टी के वरिष्ठ नेता और वाटकारा के सांसद के मुरलीधरन ने अपने थरूर का समर्थन करते हुए कहा कि यूथ कांग्रेस द्वारा उस कार्यक्रम को रद्द करने के पीटे एक साजिश थी, जिसमें थरूर को भाग लेना था।

वरिष्ठ नेताओं के थरूर के पक्ष में बयान जारी करने के साथ केपीसीसी प्रमुख के सुधाकरन ने सोमवार को पार्टी नेताओं को अपनी राय सार्वजनिक रूप से प्रसारित करने से रोक दिया। उन्होंने इन खबरों को भी निराधार बताया कि थरूर को सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होने से रोक दिया गया था। सुधाकरन ने कहा कहा कि थरूर ने भी इसका खंडन किया है। इससे पहले केपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष और दिग्गज कांग्रेसी नेता के करुणाकरन के बेटे मुरलीधरन ने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले कांग्रेस सदस्यों पर प्रतिबंध उन लोगों द्वारा लगाया जा सकता है जो केरल में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार बनना चाहते हैं और हो सकता है राज्य में थरूर की गतिविधियों से खतरा महसूस कर रहे हैं।गौरतलब है कि राज्य में युवाओं और छात्रों के बीच तिरुवंतपुरम से सांसद शशि थरूर का दबदबा बढ़ रहा है। वहीं, इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि विधानसभा चुनावों में लगातार दो हार के बाद पार्टी वापसी की राह पर है। ऐसे में किसी के द्वारा किसी भी समानांतर गतिविधियों को वहन करना पार्टी के लिए स्वस्थ संकेत नहीं है।

सूत्रों ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का एक गुट 2026 के विधानसभा चुनावों में खुद को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के शशि थरूर के राजनीतिक कदम से नाराज था। ये तब साफ हुआ जब तिरुवनंतपुरम के सांसद को निशाना बनाते हुए वी डी सतीसन के कड़े बयान दिया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सतीशन ने शशि थरूर का नाम लेते हुए कहा कि भले ही नेता पार्टी से जुड़े कई मामलों पर एकमत नहीं हैं, लेकिन वे स्पष्ट रूप से राज्य में थरूर की बड़ी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को रोकने के लिए एक साथ आए हैं।

इंडोनेशिया के बाद अब सोलोमन द्वीप में भूकंप, 7.0 की तीव्रता वाले झटके से कांपी धरती

जकार्ता , एजेंसी। सोलोमन द्वीप में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके लगे हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.0 मापी गई है और भूकंप की स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में सुनामी का अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। हालांकि अभी नुकसान को लेकर कोई जानकारी नहीं है। एक दिन पहले इंडोनेशिया में विनाशकारी भूकंप आया था जिसमें मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 162 हो गई है और सैकड़ों लोग घायल हैं।

जावा के गवर्नर रिदवान कामिल ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 162 हो गई है। उन्होंने कहा कि मरने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि भूकंप के वक्त स्कूलों में पढने वाले ज्यादातर बच्चे अपनी पढ़ाई खत्म होने के बाद इस्लामिक स्कूल में तालीम ले रहे थे। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा आधिकारिक तौर पर मरने वालों की संख्या 62 बताई गई है।

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक कल पश्चिम जावा के सियानजुर शहर में 56 तीव्रता का भूकंप 10 किमी की गहराई में आया था। कामिल ने बताया कि भूकंप के बाद इमारतों के मलबे से सैंकड़ों लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कई लोगों को उपचार अस्पतालों के परिसर में किया जा रहा है। राहत एवं बचाव अभियान पूरी रात चलता रहा ताकि अन्य लोगों को बचाने की कोशिश की जा सके। जो अभी भी ढही हुई इमारतों के मलबे में फंसे हुए हैं। जिस क्षेत्र में भूकंप आया वह घनी आबादी वाला है और भूस्खलन की भी आशंका जतायी गयी है। भूकंप के झटकों स कई क्षेत्रों में घर मलबे में तब्दील हो गए हैं।

स्थानीय मीडिया से बात करते हुए श्री कामिल ने कहा कि भूकंप में लगभग 326 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से अधिकतर लोगों की ढहे हुए इमारतों के मलबे में दबने से हड्डियां टूट गयी हैं।

सोशल मीडिया स्टार की एक्सीडेंट में मौत

ग्रेटर नोएडा ,एजेंसी। सोशल मीडिया स्टार की एक्सीडेंट में मौत हो गई और उसके दो अन्य साथी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। सोशल मीडिया पर अपनी पहचान बना चुके रावड़ी भाटी उर्फ रोहित भाटी की सड़क हादसे में मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र के चुहड़पुर अंडरपास के करीब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। मूल रूप से बुलंदशहर के सिकंदराबाद निवासी रोहित भाटी सोशल मीडिया पर रावडी भाटी के नाम से मशहूर था। रावड़ी फिलहाल ग्रेटर नोएडा के चाई सेक्टर स्थित निंबस सोसाइटी में रहता था।

अब नेता, न्यायाधीश और सरकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन लेनी होगी विदेशी आतिथ्य की अनुमति

नई दिल्ली ,एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधायिकाओं के सदस्यों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, न्यायाधीशों, सरकारी अधिकारियों और निगमों के कर्मचारियों द्वारा विदेशी आतिथ्य की स्वीति से जुड़े अपने दिशानिर्देशों को संशोधित किया है। इसके तहत अब इन्हें विदेश में मेहमाननवाजी के लिए सरकार से अनलाइन इजाजत लेनी होगी। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम अनलाइन सेवाओं में शामिल किया गया है, जहां विदेशी आतिथ्य स्वीकार करने के लिए एफसीआरए, 2010 के तहत दी गई अनुमति को प्रशासनिक मंजूरी के बराबर नहीं माना जाएगा, जिसे संबंधित मंत्रालय या विभाग में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करना

पीकेएल : तमिल थलाइवाज ने बंगाल वॉरियर्स पर आसान जीत दर्ज की

हैदराबाद । नरेंद्र के शानदार खेल की मदद से तमिल थलाइवाज ने गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में बंगाल वॉरियर्स पर आसान जीत हासिल की। तमिल थलाइवाज ने पहले हाफ के अंत में बड़ी बढ़त हासिल की और बंगाल वारियर्स के दूसरे हाफ में मजबूत मुकाबले के बावजूद इसे बनाए रखा और अंत में 35–30 के साथ विजयी हुए।नरेंद्र ने कुछ रेड मारे, जिससे तमिल थलाइवाज ने चौथे मिनट में 5–3 से बढ़त बना ली। हालांकि, वॉरियर्स ने जल्द ही नरेंद्र का सामना किया और 5–7 से मैच में बने रहे।

अजिंक्य पवार ने अपने खेल को आगे बढ़ाया और वॉरियर्स को मैट पर सिर्फ तीन सदस्यों तक सीमित कर दिया। दीपक हुड्डा को थलाइवाज के डिफेंस को तोडऩा मुश्किल लगा, क्योंकि तमिलनाडु की ओर से 11वें मिनट में 10–5 से बढ़त बना ली।

लेकिन, बालाजी डी और मनोज गौड़ा ने ऑल आउट से बचने के लिए सुपर टैकल किया और दोनों टीमों के बीच की स्कोर के अंतर को कम किया। थोड़ी देर बाद, गौड़ा ने एक शानदार रेड की, क्योंकि वारियर्स थलाइवास के स्कोर से 10–11 के स्कोर से आगे हो गया।

हालांकि, तमिलनाडु की टीम ने फिर से गति पकड़ी और 18वें मिनट में ऑल आउट कर 17–11 से बढ़त बना ली। पहले हाफ के अंत में थलाइवाज ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 21–13 की बढ़त बना ली।

कप्तान सागर के नेतृत्व में थलाइवाज की रक्षा इकाई ने दूसरे हाफ के शुरूआती मिनटों में मनिंदर सिंह का सामना किया क्योंकि तमिल टीम ने 22–15 पर मैच का गढ़ जारी रखा। इसके बाद, मनिंदर ने कुछ शानदार रेड की, लेकिन थलाइवाज ने 29वें मिनट में 24–20 से बढ़त बना ली।

बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के प्रदर्शन से चकित साइमन ओ'डॉनेल

मेलबर्न ,ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी साइमन ओ'डोनेल 2019 में एशेज श्रृंखला के बाद से निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपनी तकनीक में आए बदलाव से आश्चर्यचकित हैं। केप टाउन में 2018 'सैंडपेपर–गेट' कांड के बाद स्मिथ की 2019 में निलंबन से वापसी महत्वपूर्ण थी क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड में तीन शतक के साथ 111 की औसत से 774 रन बनाए। लेकिन तब से, पूर्व कप्तान ने संघर्ष किया है।

स्मिथ ने 2019 एशेज के बाद से अपनी 31 टेस्ट पारियों में 38 की औसत से सिर्फ दो शतक बनाए और ओ'डॉनेल ने इसके लिए प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों और कप्तानों को अपने लेग–साइड गेम में कमजोरी को उजागर करने के लिए जिम्मेदार ठहराया।

स्मिथ ने एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में नाबाद 80 रन की मैच विनिंग पारी खेली इसके बाद दूसरे मैच में 94 रन की मैच जिताऊपारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली। उनका तीसरा वनडे मंगलवार को एमसीजी में खेला जाएगा।

ओ'डॉनेल ने कहा कि स्मिथ खामियों को दूर करने और परिष्कृत होकर वापस आने के लिए ड्राइंग बोर्ड पर वापस गए हैं। स्मिथ और ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य मंगलवार को एमसीजी में वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप करना होगा।

फीफा विश्व कप : इंग्लैंड ने ईरान को 6—2 से रौंदा, साका ने दागे 2 गोल

कतर , कतर के खलीफा इंटरनेशन स्टेडियम में खेले गए फीफा विश्व कप 2022 के मैच में इंग्लैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान को 6–2 से करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड की ओर से बुकायो साका (43वें, 62वें मिनट), जूड बेलिंघम (35वें मिनट), रहीम स्टर्लिंग (45 प्लस 1 मिनट), मार्कस रशफोर्ड (71) और जैक ग्रिलीश (89वें मिनट) गोल करने वाले खिलाडिय़ों में शामिल रहे। वहीं, ईरान की ओर से मेहदी तरेमी (65वें और 90 प्लस 13वें मिनट) ने दो गोल दागे। पहले हाफ की शुरुआत करते हुए ईरान की टीम को जोरदार झटका लगा, क्योंकि उनके नियमित गोलकीपर अली रजा चोट लगने के कारण मैदान से बाहर हो गए, जबकि उनकी जगह हुसैन हुसैनी को मैदान पर बुलाया गया। इंग्लैंड इस बात का फायदा उठाते हुए एक के बाद एक तीन गोल किया। इंग्लैंड के लिए 35वें मिनट में गोल की शुरुआत जूड बेलिंघम ने की।

इसके बाद, बुकायो साका ने 43वें मिनट और रहीम स्टर्लिंग (45 प्लस 1 मिनट) ने गोल करके, इंग्लैंड को पहले हाफ तक 3–0 की बढ़त दिला दी। दूसरी तरफ, अतिरिक्त समय मिलने के बावजूद ईरान अटैक करने में पूरी तरह से विफल रहा।

दूसरे हाफ की शुरुआत में साका ने 62वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके इंग्लैंड को 4–0 से मजबूती प्रदान की। थोड़ी देर बाद, ईरान ने भी 65वें मिनट में मेहदी तरेमी की मदद से अपना खाता खोला और स्कोर को 4–1 कर दिया। लेकिन इंग्लैंड के मार्कस रशफोर्ड (71वें मिनट) और जैक ग्रिलीश (89वें मिनट) द्वारा बैक टू बैक गोल ने इंग्लैंड को 6–1 से आगे करने में मदद की। वहीं अंतिम सिटी बजने से पहले, ईरान के लिए दूसरा गोल तरेमी (90 प्लस 13वें मिनट) ने ही फाउल के माध्यम से किया, जिससे इंग्लैंड ने यह मैच 6–2 से आसानी से अपने नाम कर लिया।

कतर विश्व कप : क्रिस्टियानो रोनाल्डो बोले

मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ मेरी समस्याओं का पुर्तगाल पर नहीं पड़ेगा कोई असर

दोहा ,एक विस्फोटक साक्षात्कार में अपने क्लब और मैनेजर की आलोचना करते हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मीडिया के सामने कहा कि वह पुर्तगाली टीम के लिए कोई समस्या नहीं है और गुरुवार को घाना के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत मैच के लिए तैयारी कर रहे हैं। रोनाल्डो पिछले कुछ हफ्तों में एक टीवी साक्षात्कार के बाद गलत कारणों से सुर्खियों में रहे हैं, जिसमें उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड पर उन्हें धोखा देने और उन्हें क्लब से बाहर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जबकि यह भी कहा कि उनके पास कोच एरिक टेग हैग के लिए कोई सम्मान नहीं है।इस साक्षात्कार के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड ने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने पर विचार किया है, अभी भी यह मामला समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन कतर में पुर्तगाली प्रशिक्षण शिविर में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, स्ट्राइकर ने कहा कि उनकी राष्ट्रीय के साथ कोई समस्या नहीं हैं।

उन्होंने कहा, मेरे जीवन में, सबसे अच्छा समय हमेशा मेरा होता है। मुझे यह सोचने की जरूरत नहीं है कि दूसरे क्या सोचते हैं। मैं जब चाहता हूं तब बोलता हूं। खिलाड़ी मुझे कई सालों से अच्छी तरह से जानते हैं कि मैं किस प्रकार का व्यक्ति हूं।

रोनाल्डो ने जोर देकर कहा कि पुर्तगाल में खिलाडिय़ों का एक महत्वाकांक्षी समूह है, जो फीफा विश्व कप जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रहे है।उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि साक्षात्कार चेंजिंग रूम की एकाग्रता और ध्यान को हिला नहीं पाएगा। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, मैं ठीक हो गया हूं और मैं अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहा हूं और विश्व कप को सर्वोत्तम तरीके से शुरू करने के लिए तैयार हूं। स्ट्राइकर ने मैनचेस्टर यूनाइटेड टीम के साथी ब्रूनो फर्नांडीस के साथ खराब संबंधों की किसी भी बात को खारिज कर दिया।

रोनाल्डो ने आगे कहा, मुझे लगता है कि पुर्तगाल की इस टीम में अद्भुत क्षमता है।

क्रिकेट केन्या ने अफ्रीका टी10 लीग की घोषणा की

मुंबई , दुनियाभर में टी10 प्रारूप की बढ़ती लोकप्रियता के साथ क्रिकेट केन्या ने अफ्रीका में 2023 के मध्य से एक मेगा टी10 लीग शुरू करने की घोषणा की। अफ्रीका में अपनी तरह की पहली और विश्व स्तर पर दूसरी लीग को अफ्रीका टी10 कहा जाएगा और यह जून 2023 में खेली जाएगी।

क्रिकेट केन्या अफ्रीकी क्रिकेट के पूर्ववर्ती बढ़ते पावरहाउस में से एक है। उनके पीछे का उद्देश्य देश को अपने लंबे समय से खोए हुए गौरव को वापस पाने का है। क्रिकेट का सबसे तेज प्रारूप छह–टीम, 34–मैच टूर्नामेंट के लिए निर्धारित है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ वैश्विक खिलाड़ी लीग का हिस्सा होंगे। इस बारे में क्रिकेट केन्या ने एक विज्ञप्ति में जानकारी दी।

क्रिकेट केन्या ने विज्ञप्ति में कहा, अफ्रीका टी10 की प्रत्येक प्लेइंग इलेवन में 1 एसोसिएट खिलाड़ी, 1 अफ्रीकी खिलाड़ी, 2 केन्याई खिलाड़ी और 7 अन्य वैश्विक खिलाड़ी रखने की योजना है। यह अफ्रीका की अपनी ग्लोबल टी10 लीग होगी।

एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिये भारतीय महिला टीम कोरिया रवाना

नई दिल्ली ,कोरिया के इंचियोन में 24 नवंबर से चार दिसंबर के बीच खेली जाने वाली 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये 19 सदस्यीय भारतीय टीम कोरिया रवाना हो गयी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा सोमवार को दिल्ली में की। भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने इससे पहले काठमांडू (नेपाल) में आयोजित दक्षिण एशियाई गेम्स–2019 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।टीम की रवानगी से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने आवास पर खिलाडिय़ों से मुलाकात की ओर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई, टीम कोरिया में भी देश का परचम लहराएगी। हम इस टीम को अपनी पूरी शुभकामनाएं देते है और जो भी संभव होगा वो सुविधाएं दिलाने का प्रयास करेंगे।हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में गत 31 अक्टूबर से 20 नवंबर तक आयोजित किया गया था, जिसमें 32 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। उन्होंने कहा, इस शिविर में प्रशिक्षकों ने खिलाडिय़ों को कड़ा अभ्यास कराया और खास–कर खेल की तकनीक, इंडयोरेंस, स्टेमिना और गति में सुधार के लिए विशेष मेहनत की गई। मुझे उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और देश का नाम ऊंचा करेंगी।

चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम इस प्रकार है:– ज्योति शुक्ला, नीना शील, मेनका, सुषमा (सभी भारतीय रेलवे) दीक्षा कुमारी, निधि शर्मा, शालिनी ठाकुर, भावना, प्रियंका ठाकुर (सभी हिमाचल प्रदेश) मनदीप कौर, मनिंदर कौर, बनिता शर्मा, राजवंत कौर सभी (पंजाब) रिंपी, आशारानी, प्रियंका, सोनिका (सभी हरियाणा) तेजस्विनी सिंह (उत्तर प्रदेश) सदा राठौड़ (राजस्थान)

टीम कोच– सचिन चौधरी, कार्तिकेयन मदनगुरुस्वामी, मनीषा, संध्या

टीम मैनेजर– डॉ तेजराज सिंह

दल प्रमुख– डॉ आनन्देश्वर पाण्डेय

फिल्मी गपशप

इब्राहिम खान को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे करण जौहर

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान पिछले काफी समय से बॉलीवुड में एंट्री करने को लेकर सुर्खियों में हैं। पर्दे के पीछे वह काफी समय से सक्रिय हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इब्राहिम के चाहनेवाले खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, इब्राहिम की पहली फिल्म से जुड़ीं जानकारियां सामने आई हैं। खास बात यह है कि करण जौहर ही उन्हें बॉलीवुड के दर्शन कराने वाले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करण अब इब्राहिम को बॉलीवुड में लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी पहली फिल्म अगले साल पर्दे पर आ सकती है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी बोमन ईरानी के बेटे कायोज को सौंपी गई है। फिल्म की कहानी सुरक्षा बल पर आधारित होगी। करण फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि यह बड़े बजट की फिल्म होगी और इसमें इब्राहिम का किरदार खास होगा।करण के साथ रहकर ही इब्राहिम ने फिल्ममेकिंग की बारीकियां सीखीं। वह उनकी आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सहायक निर्देशक रह चुके हैं। सैफ ने इस पर अपनी मुहर लगाते हुए कहा था कि इब्राहिम ने बतौर सहायक निर्देशक अपने करियर की शुरुआत की, क्योंकि वह पहले यह देखना चाहते हैं कि पर्दे के पीछे काम कैसे होता है। फिल्मेकिंग सीखने के बाद वह बतौर हीरो बॉलीवुड में एंट्री करेंगे।इब्राहिम बॉलीवुड में आने से पहले ही लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। वह सोशल प्लेटफॉर्म पर काफी सक्रिय रहते हैं और उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। इब्राहिम बॉलीवुड के लोकप्रिय स्टार किड हैं। उनके लुक और फैशन सेंस को काफी पसंद किया जाता है। स्टाइल के मामले में वह अपने पिता को भी मात देते हैं। इब्राहिम मैगजीन के लिए फोटोशूट भी करा चुके हैं।करण को फिल्म इंडस्ट्री में स्टारकिड्स को लॉन्च करने के लिए जाना जाता है। वह फिल्म बेधडक़ के जरिए संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर को बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे हैं। उन्होंने आलिया भट्ट को स्टूडेंट ऑफ द ईयर और अनन्या पांडे को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में लॉन्च किया। वरुण धवन को बॉलीवुड में लाने वाले भी करण ही हैं, वहीं जाह्नवी कपूर ने करण की फिल्म धडक़ से इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी।सैफ और अमृता सिंह के दो बच्चे इब्राहिम और सारा अली खान हैं। शादी के 13 साल बाद सैफ–अमृता अलग हो गए। हालांकि, सारा–इब्राहिम की सैफ के साथ भी काफी अच्छी बॉन्डिंग है। सारा ने 2018 में फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में दस्तक दी थी।

शोभिता धुलिपाला ने मेड इन हेवन सीजन 2 का प्रमुख स्पॉइलर दिया

स्ट्रीमिंग शो मेड इन हेवन से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सोभिता धूलिपाला शो के आगामी दूसरे सीजन के स्पॉइलर से अपने प्रशंसकों को चिढ़ाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में मुंबई में एक पुरस्कार समारोह में भाग लिया, जिसके लिए उन्होंने एक गोथ, एक मखमली गाउन, दस्ताने और एक टोपी पहनी थी।

अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में, अभिनेत्री ने मेड इन हेवन के सह–कलाकार जिम सर्भ के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की। छवि में, शोभिता ने सरभ की गर्दन पर अपना हाथ रखा है और इसने सभी को यह अनुमान लगाने पर मजबूर कर दिया है कि क्या वह अभिनेत्री हैं। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, मिह (मेड इन हेवन) एसएनजेड(सीजन) 2 स्पॉइलर लोल आइकिक (यदि आप जानते हैं, तो आप जानते हैं)।

यह तस्वीर इस सीजन की सीरीज में शोभिता के चरित्र तारा और जिम के आदिल खन्ना के बीच घर्षण की ओर इशारा करती है।एक सफल पहले सीजन के बाद, मेड इन हेवन 2 भव्य भारतीय शादियों की पृष्ठभूमि के खिलाफ सेट किया गया, कथित तौर पर इस सीजन में अंतर्राष्ट्रीय समुद्र में चार्टर्ड है।अभिनेत्री मेजर और पोन्नियिन सेल्वन जैसी सफल परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं। वह अगली बार मेड इन हेवन सीजन 2 और नाइट मैनेजर में आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर के साथ दिखाई देंगी।

००

आयुष्मान खुराना की एक्शन हीरो में कैमियो कर सकते हैं अक्षय कुमार

अभिनेता आयुष्मान खुराना आने वाले दिनों में एक्शन हीरो में नजर आएंगे। फिल्म 2 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका निर्देशन अनिरुद्ध अय्यर कर रहे हैं। वहीं, फिल्म के निर्माण की बागडोर भूषण कुमार और आनंद एल रॉय ने संभाली है। अब सुनने में आ रहा है कि फिल्म में लोकप्रिय अभिनेता अक्षय कुमार की एंट्री हो गई है। वह कैमियो की भूमिका में पर्दे पर दिख सकते हैं।

एक सूत्र ने इस संबंध में जानकारी दी है। एक करीबी सूत्र ने बताया, फिल्म का शीर्षक एन एक्शन हीरो है। हिंदी सिनेमा के ऑरिजनल एक्शन हीरो अक्षय कुमार की उपस्थिति के बिना कोई इस शीर्षक के साथ फिल्म कैसे बना सकता है। अक्षय पहले ही फिल्म में अपने एक महत्वपूर्ण हिस्से की शूटिंग कर चुके हैं। फिल्म में अक्षय की एंट्री से इसकी स्टारकास्ट और मजबूत हो जाएगी। एन एक्शन हीरो में आयुष्मान का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। इसमें वह एक स्टंट मैन का किरदार करते दिखेंगे, जो एक मशहूर कलाकार का बॉडी डबल होता है। मेकर्स ने एक टीजर शेयर किया था, जिसमें आयुष्मान की आवाज सुनाई दी थी। फिल्म का लेखन नीरज यादव और अनिरुद्ध ने किया है। अनिरुद्ध इससे पहले आनंद को उनकी फिल्म जीरो और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में असिस्ट कर चुके हैं।

हड्डी के लिए किन्नरों के साथ रहे नवाजुद्दीन सिद्दीकी, नए नजरिए से देखी दुनिया

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार पर्दे पर हीरोपंती 2 में नजर आए थे। उनकी आने वाली फिल्मों की भी लंबी कतार है जो ओटीटी पर रिलीज का इंतजार कर रही हैं। अगस्त में उनकी फिल्म हड्डी की घोषणा हुई थी। इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक किन्नर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म से नवाज का लुक काफी वायरल हुआ था। अब एक इंटरव्यू में नवाज ने इस किरदार को निभाने के अनुभव साझा किया है।

हड्डी का निर्देशन अक्षत अजय शर्मा करेंगे। जी स्टूडियोज के साथ मिलकर आनंदिता स्टूडियोज इस फिल्म को प्रोड्यूस करेगी। फिल्म के ऐलान के समय नवाज ने कहा था, मैंने अलग–अलग दिलचस्प किरदार निभाए हैं, लेकिन हड्डी एक अनोखा और खास किरदार होगा, क्योंकि इसमें मैं अनदेखे लुक में नजर आऊंगा। यह किरदार मुझे एक अभिनेता के रूप में अपनी क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करेगा। फिलहाल इस ऋइम थ्रिलर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है।

नवाज ने किन्नर का किरदार निभाने का अपना अनुभव साझा किया है। किन्नर का किरदार निभाने और उनके बीच काम करने से नवाज ने एक नई दुनिया देखी है। उन्होंने कहा, मैं हड्डी में कई किन्नरों के साथ काम कर रहा हूं। मैं 20–25 किन्नरों के बीच में रह रहा था। उनका दुनिया को देखने का नजरिया बिल्कुल अलग है। मैंने उनकी जिंदगी के बारे में बहुत कुछ सीखा है। किरदार को निभाने की चुनौती पर बात करते हुए नवाज ने बताया कि इसमें सिर्फ अभिनय नहीं करना है, बल्कि दर्शकों को किरदार पर भरोसा दिलाना है। उन्होंने कहा, यह बनावटी नहीं लगना चाहिए। मैं इस किरदार को महसूस करना चाहता हूं न कि सिर्फ उसका अभिनय करना चाहता हूं, इसलिए मैंने उनके साथ रहने का फैसला किया। अब मैं इंतजार कर रहा हूं कि आगे यह क्या मोड़ लेता है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com